मेट्रो Rays

आगे रखने का वादा

सांध्य दैनिक

रांची, शुक्रवार, 8 नवंबर 2024

संवत 2081, कार्तिक शुक्लपक्ष 8- मूल्य 2 रुपये

वर्ष-8, अंक 62 , पृष्ठ-8, RNI No.-JHAHIN/2017/75028

4 ▸▸ महिला अस्मिता का पक्ष

सिंघम अगेन का बॉक्स ऑफिस पर जलवा, पहले हफ्ते कमाए 170 करोड़ ◂◂ 6

सिमडेगा में चुनावी रैली को संबोधित करते हुए राहुल गांधी ने जमकर बीजेपी पर किया हमला, कहा

आदिवासियों की जमीन छीनना चाहती है भाजपा

मेट्रो रेज

रांची / सिमडेगाः कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने शुक्रवार को सिमडेगा में चुनावी जनसभा को संबोधित किया। जहां उन्होंने बीजेपी पर करारा हमला बोला है। उन्होंने कहा कि भाजपा के लोग आदिवासियों की जल, जंगल, जमीन को छीनना चाहते हैं। आज देश में दो विचारधाराओं की लड़ाई चल रही है। एक तरफ- इंडिया गठबंधन है तो दूसरी तरफ बीजेपी और आरएसएस के लोग। जहां इंडिया गठबंधन के लोग संविधान की रक्षा कर रहे हैं, वहीं बीजेपी-आरएसएस संविधान को खत्म करना चाहते हैं। संविधान सिर्फ एक किताब नहीं है। इसमें

बिरसा मुंडा जी, अंबेडकर जी, फुले जी और महात्मा गांधी जी की सोच है। ये संविधान देश के आदिवासियों, दलितों, पिछड़ों, गरीबों की रक्षा करता है। इसलिए इंडिया गठबंधन चाहती है कि देश को संविधान के माध्यम से चलाया जाए।

लोहरदगा में भी करेंगे चुनावी रैली को संबोधितः इससे पहले जैसे ही वे एयरपोर्ट पर उतरे पार्टी के प्रदेश प्रभारी गुलाम अहमद मीर और प्रदेश अध्यक्ष केशव महतो कमलेश ने उनका जोरदार स्वागत किया। लोकसभा के नेता प्रति पक्ष राहुल गांधी का लोहरदगा में कार्यक्रम तय है। यहां वे मौजूदा वित्त मंत्री रामेश्वर उरांव के पक्ष में चुनावी रैली को संबोधित करेंगे। बता दें कि उनका शनिवार को भी झारखंड में चुनावी प्रचार कार्यक्रम निर्धारित है। जमशेदपुर में वे कोल्हान के इंडिया गठबंधन के प्रत्याशियों के समर्थन में रोड शो करेंगे। इसके अलावा वे धनबाद में भी एक चुनावी रैली को संबोधित करेंगे।

रूसी राष्ट्रपति पुतिन ने भारत को बताया 'महान देश', बोले-

इसे वैश्विक महाशक्ति कहा जाना चाहिए

मॉस्को : रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने एक बार फिर भारत की जमकर तारीफ की है और कहा कि भारत और रूस में सहयोग लगातार बढ़ रहा है। पुतिन ने भारत को महान देश बताया और कहा कि भारत की आर्थिक तरक्की और इसकी विशालता को ध्यान में रखते हुए इसे वैश्विक महाशक्तियों की सूची में शामिल किया जाना चाहिए। पुतिन ने रूस के सोची शहर में वालदाई डिस्कशन क्लब नामक कार्यक्रम में अपने संबोधन के दौरान उक्त बातें कही। 'भारत-रूस के संबंध लगातार विकसित हो रहे': पुतिन ने अपने संबोधन में कहा कि 'हम भारत के साथ अपने रिश्तों को विभिन्न क्षेत्रों में विकसित कर रहे हैं। भारत एक महान देश हैं। यह आर्थिक विकास के मामले में बड़ी अर्थव्यवस्थाओं के बीच भी प्रमुख है। इसकी जीडीपी 7।4 प्रतिशत की दर से बढ़ रही है। रूस और भारत के बीच सहयोग हर साल बढ़ रहा है।' पुतिन ने सोवियत संघ के समय से भारत के साथ रूस के रिश्तों पर बात की और दोनों देशों के रिश्तों को बेहद खास बताया। पुतिन ने कहा कि सोवियत संघ ने भारत की आजादी में भी भूमिका निभाई थी। पुतिन ने

कहा कि 'भारत को वैश्विक महाशक्तियों की सूची में शामिल किया जाना चाहिए। यह डेढ़ अरब लोगों का देश है और दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्थाओं में से एक है। इसकी संस्कृति बेहद प्राचीन है और इसमें भविष्य में विकास की अपार संभावनाएं हैं।

10 नवंबर को झारखंड दौरे पर आयेंगे प्रधानमंत्री

ओटीसी ग्राउंड से रातू रोड चौक तक करेंगे रोड शो, एसपीजी की टीम पहुंची रांची

रांची : प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 10 नवंबर को झारखंड दौरे पर आयेंगे। इस दौरान राजधानी रांची में रोड शो करेंगे। पीएम मोदी का रोड शो कार्यक्रम ओटीसी ग्राउंड से रातू रोड चौक तक होगा। इसको लेकर एसपीजी की टीम शुक्रवार की सुबह रांची पहुंच गयी है। वहीं रांची पुलिस भी पीएम के आगमन और रोड शो को लेकर सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम कर रही है। ढाई किलोमीटर तक होने वाले इस रोड शो के दौरान सुरक्षा व्यवस्था में किसी प्रकार की चूक ना हो, इसको लेकर झारखंड पुलिस मुख्यालय के निर्देश पर सुरक्षा व्यवस्था के कड़े इंतजाम किये जा रहे हैं। रांची डीआईजी, एसएसपी, सिटी डीएसपी, कोतवाली डीएसपी समेत कई पुलिस अधिकारी लगातार सुरक्षा व्यवस्था का जायजा ले रहे हैं। रोड शो को लेकर पुलिस प्रशासन की तैयारी शुरूः पीएम मोदी के रोड शो के मार्ग में कितने ऊंचे भवन हैं, कहां कितने फोर्स की तैनाती की जानी है, कहां बैरिकेडिंग लगेगी और रोड शो के दौरान किस मार्ग को ब्लॉक किया जाना है।

जम्मू-कश्मीरः सोपोर में आतंकियों और सुरक्षा बलों के बीच भीषण मुठभेड़, 2 दहशतगर्द ढेर

श्रीनगर : जम्मू एवं कश्मीर के सोपोर इलाके में छिपे हुए आतंकवादियों और सुरक्षा बलों के बीच गुरुवार को गोलीबारी शुरू हो गई। आधी रात से जारी मुठभेड़ में सेना ने दो आतंकियों को मार गिराया है। अधिकारियों ने कहा कि सोपोर के सागीपोरा इलाके में आतंकवादियों के एक समूह के छिपे होने की विशेष खुफिया जानकारी मिलने के बाद संयुक्त अभियान शुरू किया गया था। अधिकारियों ने बताया कि सुरक्षाबल छिपे हुए आतंकवादियों के करीब पहुंचे तो उन्होंने अंधाधुंध गोलीबारी शुरू कर दी। सुरक्षाबलों ने जवाबी गोलीबारी की, जिससे मुठभेड़ शुरू हो गई। खबर है कि यहां दो से तीन आतंकवादी छिपे हुए हैं और दो आतंकियों को सेना ने मार गिराया है। आतंकवादियों द्वारा किए गए कई हमलों के बाद सुरक्षा बलों ने हाल के दिनों में आतंकवादियों के खिलाफ अभियान बढ़ा दिया है। पिछले 58 घंटों के दौरान दो आतंकवादी मारे गए, एक कुपवाड़ा जिले के लोलाब इलाके में और दूसरा बांदीपोरा जिले के केटसुन जंगलों में सुरक्षा बलों ने मारा। आतंकवादियों ने 20 अक्टूबर को गांदरबल जिले के गगनगीर इलाके में एक बुनियादी ढांचा परियोजना कंपनी के श्रमिक शिविर पर हमला कर सात लोगों की हत्या कर दी थी। 24 अक्टूबर को आतंकवादियों ने बारामूला जिले के गुलमर्ग के बोटापाथरी इलाके में सेना के वाहन पर हमला कर तीन सेना के जवानों और दो नागरिक कुलियों की हत्या कर दी थी।

जम्मू-कश्मीर विस में 370 पर फिर बवाल, विधायकों के बीच हुई हाथापाई

खुर्शीद अहमद को निकाला सदन से बाहर

श्रीनगरःजम्मू-कश्मीर विधानसभा सत्र के पांचवे दिन भी सत्र शुरू होते ही आर्टिकल 370 मुद्दे पर हंगामा शुरू हो गया। विधानसभा में हालात बद से बदत्तर हो गए हैं सभी विधायक छक्का-मुक्की और मारपीट पर उतर आए हैं। इस बीच भाजपा विधायक ने सदन में नारेबाजी शुरू की और कहा कि राष्ट्रीय विरोधी झंडा नहीं चलेगा। वहीं, बीजेपी सुनील शर्मा ने नारा दिया जो कश्मीर हमारा है वह सारे का सारा है जहां बलिदान हुए मुखर्जी वह कश्मीर हमारा है। स्पीकर ने कहा कि नारेबाजी कर रहे भाजपा विधायकों की ना कोई बातचीत रिकॉर्ड की जाए ना उसको कहीं रिपोर्ट किया जाए।

वहीं, इंजीनियर रशीद के भाई और आवामी इतिहाद पार्टी के विधायक शेख खुर्शीद अहमद को मार्शलों ने सदन से बाहर निकाला गया है। विधानसभा में पक्ष और विपक्ष के विधायकों के बीच आर्टिकल 370 की बहाली की मांग को लेकर बवाल हुआ। सदन में इस यह हंगामा 370 की बहाली से जुड़े दो प्रस्तावों को लेकर हो रहा है। सीएम उमर अब्दुल्ला ने पूरे विवाद पर कहा, 5 अगस्त 2019 को जो हुआ था, वो हमें मंजूर नहीं है। वो हमारे साथ बात चीत करके नहीं किया गया था। कुछ लोग कह रहे थे कि हम वो मुद्दा भूल गए।

सुप्रीम कोर्ट ने सुनाया बड़ा फैसला

'अलीगढ़ मुस्लिम यूनिवर्सिटी का अल्पसंख्यक दर्जा रहेगा बरकरार

नई दिल्लीः अलीगढ़ मुस्लिम यूनिवर्सिटी के अल्पसख्यंक दर्जे पर शुक्रवार को सुप्रीम कोर्ट ने फैसला सुना दिया है। कोर्ट का कहना है कि एएमयू का अल्पसंख्यक का दर्जा बरकरार रहेगा। कोर्ट ने 4-3 के बहुमत से यह फैसला सुना दिया है। इस मामले पर सीजेआई समेत चार जजों ने एकमत फैसला दिया है जबकि तीन जजों ने डिसेंट नोट दिया है। मामले पर सीजेआई और जस्टिस पारदीवाला एकमत हैं। वहीं, जस्टिस सूर्यकांत, जस्टिस दीपांकर दत्ता और जस्टिस सतीश चंद्र शर्मा का फैसला अलग है। अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय को संविधान के अनुच्छेद 30 के तहत अल्पसंख्यक का दर्जा मिला हुआ है, जो धार्मिक और भाषाई अल्पसंख्यकों को शैक्षणिक संस्थान स्थापित करने तथा उनके प्रशासन का अधिकार भी देता है। मुख्य न्यायाधीश जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़ की अगुवाई वाली 7 जजों की संविधान पीठ ने फैसला सुना दिया। पीठ में जस्टिस संजीव खन्ना, जस्टिस दीपांकर दत्ता, जस्टिस सूर्यकांत, जस्टिस जे बी पारदीवाला, जस्टिस मनोज मिश्रा और जस्टिस सतीश चंद्र शर्मा भी शामिल हैं। जजों की पीठ ने 8 दिन तक दलीलें सुनने के बाद एक फरवरी को इस सवाल पर अपना फैसला सुरक्षित रख लिया था। एक फरवरी को एएमयू के अल्पसंख्यक दर्जे के मसले पर देश की शीर्ष अदालत ने कहा था कि एएमयू एक्ट में 1981 का संशोधन, जिसने प्रभावी रूप से इसे अल्पसंख्यक दर्जा दिया, ने केवल आधे-अधूरे मन से काम किया। प्रतिष्ठित संस्थान को 1951 से पहले की स्थिति में बहाल नहीं किया। एएमयू एक्ट, 1920 अलीगढ़ में एक शिक्षण और आवासीय मुस्लिम विश्वविद्यालय की बात करता है। जबकि 1951 के संशोधन के जरिए विश्वविद्यालय में मुस्लिम छात्रों के लिए अनिवार्य धार्मिक शिक्षा को खत्म करने का प्रावधान किया गया। इस प्रतिष्ठित संस्थान की स्थापना साल 1875 में सर सैयद अहमद खान की अगुवाई में मुस्लिम समुदाय के लोगों द्वारा मोहम्मडन एंग्लो-ओरिएंटल कॉलेज के रूप में की गई थी। कई साल के बाद 1920 में, इसे एक विश्वविद्यालय में तब्दील कर दिया गया।

विज्ञापन के बाद भर्ती प्रक्रिया में नहीं किया जा सकता बदलाव

नई दिल्लीः उच्चतम न्यायालय ने कहा कि किसी पद के लिए विज्ञापन जारी होने के बाद भर्ती प्रक्रिया को बीच में नहीं बदला जा सकता। मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली पांच न्यायाधीशों की पीठ ने कहा कि भर्ती प्रक्रिया शुरू होने से पहले निर्धारित किए जा चुके नियमों से बीच में छेड़छाड़ नहीं की जा सकती। पीठ में न्यायमूर्ति हृषिकेश रॉय, न्यायमूर्ति पीएस नरसिम्हा, न्यायमूर्ति पंकज मिथल और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा भी शामिल थे। पीठ ने कहा कि सरकारी नौकरियों में भर्ती नियमों में बीच प्रक्रिया में तब तक नहीं बदल सकते, जब तक कि मौजूदा नियम या विज्ञापन (जो मौजूदा नियमों के विपरीत न हो) इसकी अनुमति न दे। पीठ ने कहा कि चयन नियम मनमाने नहीं बल्कि संविधान के अनुच्छेद 14 के अनुरूप होने चाहिए। उच्चतम न्यायालय ने सर्वसम्मति से कहा कि पारदर्शिता और गैर-भेदभाव सार्वजनिक भर्ती प्रक्रिया की पहचान होनी चाहिए तथा बीच में नियमों में बदलाव करके उम्मीदवारों को हैरान- परेशान नहीं किया जाना चाहिए। संविधान पीठ ने तेज प्रकाश पाठक बनाम राजस्थान उच्च न्यायालय मामले में यह फैसला सुनाते हुए कहा कि उम्मीदवारों को चौंकाने के लिए नियमों को नहीं बदला जा सकता। कोर्ट ने कहा कि चयन सूची में रखे जाने के बाद उक्त पद के उम्मीदवार को नियुक्ति का अधिकार प्राप्त नहीं होता, लेकिन सरकार वास्तविक कारणों से रिक्तियों को नहीं भरने का विकल्प चुन सकती है। हालांकि अगर वैकेंसी हैं, तो सरकार चयन सूची में विचाराधीन क्षेत्र के किसी व्यक्ति को नियुक्ति देने से मनमाने ढंग से इनकार नहीं कर सकती। इस मामले को तेज प्रकाश पाठक और अन्य बनाम राजस्थान उच्च न्यायालय और अन्य (2013) के मामले में तीन न्यायाधीशों की पीठ ने पांच न्यायाधीशों की संविधान पीठ को भेजा गया था, जिसने कि मंजूश्री बनाम आंध्र प्रदेश राज्य और अन्य (2008) के मामले में पिछले फैसले पर संदेह जताया था। इस मामले कहा गया था कि चयन मानदंड को बीच में नहीं बदला जा सकता है। संविधान पीठ ने जुलाई में सुनवाई पूरी होने के बाद अपना फैसला सुरक्षित रख लिया था। मामला राजस्थान हाई कोर्ट में 13 अनुवादकों की भर्ती से जुड़ा है। इस भर्ती में राज्य सरकार ने बीच में ही भर्ती के नियम बदल दिए थे। भर्ती के बीच में 75 प्रतिशत अंक प्राप्त करने का नियम लागू कर दिया गया था। इस संशोधित मानदंड को लागू करने पर तीन उम्मीदवारों का चयन किया गया और शेष उम्मीदवार बाहर हो गए थे। तीन असफल उम्मीदवारों ने हाई कोर्ट के समक्ष एक रिट याचिका दायर करके इस परिणाम को चुनौती दी, जिसे मार्च 2010 में खारिज कर दिया गया। इसके खिलाफ उन्होंने सुप्रीम कोर्ट में अपील की गई थी और के मंजुश्री आदि बनाम आंध्र प्रदेश राज्य केस में 2008 के सुप्रीम कोर्ट के फैसले का हवाला दिया था।

न्यूज ब्रीफ

उगते हुए सूर्य को अर्घ्य देने के साथ ही महापर्व छठ संपन्न,1

मुरी : आज उगते हुए सूर्य को अर्घ्य देने के साथ आस्था का महापर्व छठ संपन्न हो गया। इससे पहले गत दिन छठ व्रतियों ने पहला अर्ध डुबते हुए सूर्य को दिया गया। छठ को लेकर मुरी स्वर्ण रेखा नदी के दोनों किनारों पर श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ी जहां सुर्य को अर्घ्य दिया गया। इसी तरह सिल्ली के साहेब बांध पर सबसे ज्यादा पूजा करने वाले पहुंचे। ग्रामीण क्षेत्रों के श्रद्धालु उरंगढा नदी पर पूजा किया। इतिहास कार के सुक्ष्म विश्लेषक डॉ राजेन्द्र प्रसाद सिंह ने बताया कि छठ पूर्णतः बौधिष्ठ पर्व है। इसकी शुरूआत 1837 ई के नवम्बर महीने में हुआ था पहला अर्ध शनिवार और दुसरा रविवार को पड़ा था। इसमें बगैर पुरोहित की पूजा होती है। आडम्बर और पाखंडवाद का कोई स्थान नहीं है। पूर्णतः कोसों दूर है। यहां सब सामान रूप से पानी में उतरकर अर्ध देते हैं पूर्णतः लोकतांत्रिक पूजा है।

नये बदलाव के लिए तैयार सिल्ली: देवेंद्र नाथ महतो

मुरी: सिंगपुर मुरी,टाटीसिंगारी,जोन्हा में जेकेएलएम पार्टी कार्यालय का उद्घाटन प्रत्याशी देवेन्द्र महतो ने किया। उद्घाटन के तुरन्त बाद बैठक कर चुनावी रणनीति तैयारी की गई । इस अवसर पर उन्होंने कहा कि नये बदलाव केलिए तैयार रहें। इस बीच झारखंड की नई पार्टी झारखंड लोकतांत्रिक क्रांतिकारी मोर्चा अपने अंदाज से प्रचार-प्रसार में लगा हुआ है। सिल्ली विधानसभा प्रत्याशी देवेंद्र नाथ महतो ने पंचायत दौरा किया। पंचायत दौरे में टाटी,सुरसु,हलमाद, हाकेदाग, पिस्का,बांसारुली और बिसरीया पंचायत का दोरा किया। प्रत्याशी श्री महतो ने अपने चुनावी मोंडल पर कहा हमारा सिल्ली क्षेत्र कृषि प्रधान क्षेत्र है। यहां के किसानों को आजीविका कृषि से व्यावसायिक कृषि में तब्दील किया जाएगा। खतियान आधारित चिन्हित करते हुए रोजगार एवं स्वरोजगार से जोड़ा जाएगा। सिल्ली नए बदलाव के लिए तैयार हो चुका है। बदलाव के लिए अब मतदान होगी। मौके पर विस चुनाव प्रभारी कृष्णा महतो, अल्पसंख्यक अध्यक्ष जाकिर खान, संजय, प्रकाश महतो, प्रदीप,अजय,चरण महतो, दिनेश चौधरी, श्री पद महतो समेत दर्जनों सदस्य थे।

सिंगपुर मुरी में झामुमो के चुनावी कार्यालय का उद्घाटन

मुरी : सिंगपुर मुरी में तीन पंचायतो को मिला कर झारखंड मुक्ति मोर्चा के चुनावी कार्यालय उद्घाटन किया गया। उद्घाटन जिप प्रतिनिधि अखिलेश महतो ने फीता काट कर किया। मुरी पूर्वी, मुरी पश्चिमी,बांसारूली पंचायत के सभी कर्मठ कार्यकर्ता किसान मोर्चा के अध्यक्ष गोकुल महतो के साथ झारखंड मुक्ति मोर्चा,हेमंत सोरेन, कल्पना सोरेन, अमित महतो, लक्ष्मी देवी जिन्दाबाद के नारे एक स्वर में लगाए । मौके पर युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष अध्यक्ष फलाहारी महतो, बुधु महतो,महेश महतो, दिलीप महतो शमसु अली, दिनेश साहू,करामात मोमिन, संतोष मसली,न ईम,तिलक कुम्हार,पवन महतो,सुरज महतो,अमुल्य मांझी,एमडी शरीफ, कमलेश, महेंद्र,केदार,आकाश, हीरालाल,तुम, नगेन्द्र, सोनाराम,सुदाम,वधु, दिलेश्वर,रमेश,जितेन समेत दर्जनों कार्यकर्ता उपस्थित थे।

क्षेत्र का विकास हमारी प्राथमिकता: अमित महतो

सिल्ली : हेमंत भैया ने पांच वर्षों में जी-तोड़ मेहनत की है। उन्हीं के कार्यों की बदौलत आज हम चुनाव में हैं और यही कारण है की हर तबके लोगों का भरपूर साथ मिल रहा है हमने कभी भाई को भाई से बाप को बेटा से और सास को पुतोह से लड़ाने की राजनीति नही किया है हमारा हमेशा प्रयास रहा है की क्षेत्र का विकास शांति के साथ हो, लोगों के बीच आपसी प्रेम हमेशा बनी रहे जैसा पूर्वजों में था लोग अभाव में भी उमंग के साथ जीते थे । उक्त बातें झामुमो प्रत्याशी अमित महतो ने जनसंपर्क अभियान के दौरान कही।

आजसू पार्टी के सोशल मीडिया प्रभारी ने दिया इस्तीफा

सिल्ली : आजसू पार्टी के सिल्ली प्रखंड सोशल मीडिया प्रभारी समीर कुमार ठाकुर ने निजी करणों का हवाला देते हुए पार्टी के सभी पदों से इस्तीफा देते हुए पार्टी अध्यक्ष सुदेश महतो को पत्र लिखा है। चर्चा है की समीर ठाकुर हर बात बेबाकी से रखता था लेकिन उनके साथ छल कपट होती थी चर्चा यह भी है कि ठाकुर बहुत जल्द झामुमो में शामिल होंगे।

पेड़ पर झूलता मिला आजसू नेता के बेटे का शव, आत्महत्या या हत्या जांच में जुटी पुलिस

लोहरदग्गा: जिले के किस्को थाना क्षेत्र के खरकी पंचायत स्थित उपर कोचा गांव में एक युवक का शव आम के पेड़ पर झूलता मिला है। मृतक युवक की पहचान आजसू नेता बाबूलाल नगेसिया के 18 वर्षीय बेटे प्रीतम नगेसिया के रूप में हुई है। ग्रामीण जब सुबह उठकर अपने रोजमर्रा के काम करने जा रहे थे, तभी गांव के ही एक आम के पेड़ पर प्रीतम का शव लटकता देखा।

विधानसभा चुनाव 2024 : मुख्यमंत्री ने भाजपा पर साधा निशाना,कहा-

'हिम्मत है तो सामने से लड़ो'

मेट्रो रेज

रांची: मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) पर जोरदार हमला किया है। उन्होंने भाजपा को चुनौती देते हुए कहा कि वह आगामी राज्य के चुनावी मुकाबले में कायर अंग्रेजों की तरह पीछे से हमला करने के बजाय उनसे सीधे मुकाबला करे। मुख्यमंत्री ने एक्स पर एक पोस्ट में भाजपा पर निशाना साधते हुए उन्होंने कहा, 'अगर हिम्मत है तो सामने से लड़ो- कायर अंग्रेजों की तरह लगातार पीछे से वार क्यों ? कभी ईडी, कभी सीबीआई, कभी कोई एजेंसी, कभी कोई और। अब अरबों रुपये खर्च कर दिए मेरी छवि बिगाड़ने में। अजब हालात है।'

उन्होंने कहा कि 11 साल से केंद्र में भाजपा की सरकार है, पांच साल राज्य में रही। खुद को डबल इंजन सरकार बोलती रही। फिर रघुवर सरकार के पांच साल सिर्फ हाथी क्यों उड़ी? क्यों पांच सालों में 13,000 स्कूल बंद किए? क्यों पांच साल में 11 लाख- जी हां 11 लाख राशन कार्ड कैंसिल किए? क्यों पांच साल में 1 एजेपीएससी परीक्षा नहीं हुई? क्यों पांच साल में वृद्धा-विधवा पेंशन नहीं बढ़ा और ना मिला? क्यों पांच साल में राज्य में भूख से सैंकड़ों मौतें हुई?

उन्होंने आगे सवाल किए कि क्यों पांच साल में युवाओं को साइकिल बनाने, केला बेचने की सलाह दी गई? क्यों सरकारी कर्मियों को ओल्ड पेंशन स्कीम नहीं दी गई? क्यों झारखंड की बिजली बांग्लादेश में बेची गई? क्यों सेविका, सहिया, पारा शिक्षकों पर लगातार लाठियां बरसायी गईं? क्यों बच्चियों की पढ़ाई के लिए कोई योजना नहीं लाई गई? क्यों बहनों के लिए मंईयां सम्मान योजना नहीं लाई गई? क्यों लगातार बिजली बिल बढ़ाया गया? ऐसे अनगिनत सवाल हैं।

सोरेन ने कहा, 'हम अपने काम को लेकर जनता के बीच जा रहे हैं। कोरोना में झारखंडी श्रमिकों को घर हवाई जहाज से लाने के साथ हमने ऊपर लिखे भाजपा सरकार के सभी कुकृत्यों को पीछे छोड़ हर वो काम किया- जो वो कभी सोच भी नहीं पाएं और आगे युवाओं के हर मुद्दे के ईमानदारी पूर्वक समाधान से लेकर हर वो कार्य करेंगे, जो हर एक झारखंडी के हित में होगा।'

भाजपा बोली- हम आपसे सीधे मुकाबला करने में विश्वास करते हैं: इस पर भाजपा ने पलटवार किया है। भाजपा प्रवक्ता प्रतुल शाह देव ने कहा कि मुख्यमंत्री देश के इतिहास की सबसे भ्रष्ट सरकार का नेतृत्व कर रहे हैं। उनके खिलाफ 70,000 करोड़ रुपये के घोटाले के आरोप हैं। अगर आप अपना नामांकन रद्द करवाना चाहते थे, तो हमारे पास एक अच्छा मामला था। आपकी उम्मीदवारी के प्रस्तावक मंडल मुर्मू, महान स्वतंत्रता सेनानी सिद्धू कर्णू के वंशज भाजपा में शामिल हो गए थे। हम तकनीकी आधार पर चुनाव आयोग के पास जा सकते थे, लेकिन हमने ऐसा नहीं किया। हम आपसे सीधे मुकाबला करने में विश्वास करते हैं। आपका शासन हमारी सरकार में जो कुछ भी गलत हो सकता है, उसका प्रतीक है। इसलिए हमें कुछ करने की जरूरत नहीं है। लोग 23 नवंबर को आपको वोट देकर बाहर कर देंगे।

13 और 20 नवंबर को दो चरणों में मतदान: 81 सदस्यीय झारखंड विधानसभा के लिए 13 और 20 नवंबर को दो चरणों में मतदान होगा। मतगणना 23 नवंबर को होगी। चुनाव में राज्य के कुल 2.6 करोड़ मतदाता हिस्सा लेंगे। इनमें 1.31 करोड़ पुरुष और 1.29 करोड़ महिला मतदाता हैं। इसके साथ ही 11.84 लाख पहली बार मताधिकार का प्रयोग करेंगे।

2020 के विधानसभा चुनाव के नतीजे: 2020 के विधानसभा चुनाव में झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) ने 30 सीटें जीती थीं। भाजपा ने 25 और कांग्रेस ने 16 सीटें जीती थीं। 2014 में भाजपा ने 37 सीटें जीती थीं, झामुमो ने 19 सीटें जीती थीं और कांग्रेस ने सिर्फ 6 सीटें जीत पाई थीं।

सिदगोड़ा सूर्य मंदिर समिति के छठ महोत्सव में भक्तिमय संगीत संध्या का आयोजन

जमशेदपुर: सिदगोड़ा सूर्य मंदिर समिति की ओर से गुरुवार की देर लोक आस्था के पर्व छठ के मौके पर भक्तिमय संगीत संध्या का आयोजन किया गया। जिसमे मुख्य अतिथि के रूप में ओडिशा के राज्यपाल रघुवर दास शामिल हुए।

चमकत रहे सिन्होरवा ए छठी मैया समेत छठ गीतों को लोगों ने उठाया आनंद: कार्यक्रम में लोक गायिका अन्नू दुबे एवं गायिका श्यामा शैलजा झा ने छठ लोकगीत एवं भक्ति गीत प्रस्तुत किया। अन्नू दुबे के ह्यसवा लाख के साड़ी भीजे एवं चमकत रहे सिन्होरवा ए छठी मैया समेत अलग-अलग गीतों की स्वर लहरियों का उपस्थित लोगों ने जमकर आनंद उठाया। वहीं, मशहूर गायिका श्यामा शैलजा झा ने ह्यसत्यम शिवम सुंदरम, राम आएंगे तो अंगना सजायेंगे एवं चला भौजी हाली हाली सूरज दिखाइए लाली जैसे लोकप्रिय छठ गीतों से समां बांध दिया। कार्यक्रम में बच्चों से लेकर बुजुर्ग तक उत्साहित होकर कार्यक्रम के अंतिम कड़ी तक मंच के समीप डटे रहे।

रघुवर दास ने शारदा सिन्हा को श्रद्धांजलि अर्पित की: कार्यक्रम प्रारंभ होने से पहले ओडिशा के राज्यपाल रघुवर दास ने लोकगायिका शारदा सिन्हा को सादर नमन करते हुए उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। कहा कि यह भावुक क्षण है क्योंकि 10 नवंबर 2002 शारदा सिन्हा जी इसी पवित्र प्रांगण में हमारे साथ उपस्थित थीं और अपनी सुमधुर आवाज से इस महोत्सव को विशेष बनाया था। कहा कि पूरे देश में आस्था एवं विश्वास के प्रतीक पर्व छठ पूजा पूरे श्रद्धाभाव से मनाया जाता है। उन्होंने देशवासियों एवं झारखंडवासियों को महापर्व छठ की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि भगवान भास्कर से आराधना करता हूं कि सभी की मनोकामनाएं पूर्ण हो।

पांच साल में जनता से किया गया कोई भी वादा पूरा ना कर सकी झारखंड सरकार : बिरंची

बोकारो : जनसंपर्क अभियान के तहत बोकारो विधानसभा के भाजपा कार्यकर्ताओं ने सेक्टर 9 के शिवशक्ति कॉलोनी, श्रमिक कॉलोनी ,अ रोड में एनडीए प्रत्याशी बिरंची नारायण ने डोर टू डोर जनसम्पर्क कर भाजपा के पक्ष में 20 नवंबर को मतदान करने का आग्रह किया। बोकारो विधायक सह प्रत्याशी बिरंची नारायण ने कहा कि हेमंत सरकार पर वादा खिलाफी, झूठे वादे, लूट, भय, अत्याचार और अविश्वास से आम जनता में रोष है। जिस वादे के साथ 2019 में सरकार बनी पांच साल पूरे हो गए मगर कोई भी जनता से किया गया वादा सरकार पूरा न कर सकी, दिन प्रतिदिन प्रखंड हो या जिला या प्रदेश भ्रष्टाचार चरम सीमा पर है संतरी से मंत्री तक जेल जा चुके हैं। कुछ मंत्री अभी जेल में है तो कोई आईएस अधिकारी जेल में है झारखंड की खनिजों की लूट मची जिसमे कई लोग भी शामिल हैं। बोकारो विधानसभा के जनता ने अपना मन बना चुकी है कि राज्य में फिर से भाजपा की सरकार आए और जनहित कार्यों का काम पुनः शुरू हो ताकि राज्य का सर्वाधिक विकास हो और जरूरत मंदो को उनका हक अधिकार मिल सके। बोकारो भाजपा प्रत्याशी ने कहा कि में अपने कार्यों को लेकर जनता के बीच आया हूं विगत 10 सालों में जो भी वादा किया उसे पूर्ण करने का कार्य किया और आगे भी करूंगा। जनसम्पर्क मे मंडल अध्यक्ष विनय किशोर, मंटू राय, श्रीप्रसान यादव,सुभाष सिंह, बृज दुबे, मनीष पांडेय, अमित कुमार, सतेंद्र कुमार ,दीपक सिंह,मनजीत सिंह, ओंकार सिंह,भीम सिंह, रमेश कुमार सिंह, डॉ अशोक, अनमोल, भोला कुमार, धर्मेंद्र यादव, मन्तोष,पूजा कुमारी,रिंकू देवी, कुसुम देवी,उर्मिला कुमारी,मालती देवी व अन्य मौजूद रहे।

जोबा माझी ने उदयीमान सूर्य को दिया अर्घ्य

चाईबासा : लोक आस्था का महापर्व छठ शुक्रवार को उगते सूर्य को अर्घ्य देने के साथ ही संपन्न हो गया। इस अवसर सिंहभूम की सांसद जोबा माझी भी सोनुवा के महुलडीहा नदी घाट पहुंचीं। सांसद ने श्रद्धालुओं के साथ भगवान भास्कर को अर्घ्य दिया और क्षेत्र के सुख-समृद्धि की कामना की। सांसद को अपने साथ अर्घ्य देते देख श्रद्धालु काफी खुशी हुए। वहीं सांसद ने भी स्थानीय लोगों के साथ मुलाकात कर उनका हालचाल जाना और सभी को छठ महापर्व की शुभकामनाएं दी।

युवकों ने दुकानदारों को पीटा, ग्राहक का सिर फोड़ा

धनबाद : बैंक ऑफ इंडिया पुटकी ब्रांच के बगल स्थित ओझा मार्केट में बुधवार को अपराह्न करीब साढ़े तीन बजे एक दर्जन से अधिक मनबढ़ु युवकों ने एक ग्राहक समेत आधा दर्जन दुकानदारों के साथ गाली-गलौज व मारपीट की और छिनतई कर फरार हो गये। घटना में सियालगुदरी के उमेश सिंह चौधरी के 23 वर्षीय पुत्र रोहित सिंह चौधरी (ग्राहक) का सिर फट गया। परिजन उसे आनन-फानन में इलाज के लिए धनबाद के किसी अस्पताल में ले गये। युवकों ने रोहित के अलावा दुकानदारों में केक दुकानदार, सुनील तिवारी, स्टूडियो संचालक हितेन कुमार पोपट उर्फ राजू पोपट, राशन दुकानदार सत्यनारायण तुलस्यान, अमित कुमार आदि के साथ भी मारपीट की। मामले में राजू पोपट ने पुटकी थाना में लिखित आवेदन देकर कार्रवाई की मांग की है। सभी हमलावर प्रेम नगर पुटकी के रहने वाले हैं। वहीं भाग रहे प्रेम नगर के रंजीत कुमार भुइयां को लोगों ने पकड़ कर पुलिस के हवाले कर दिया। हमलावर पिकअप वैन से आये थे और उसी वाहन से फरार हो गये। घटना की जानकारी मिलते ही पुटकी चेंबर अध्यक्ष हीरालाल शर्मा, कार्यकारी अध्यक्ष शाहरुख खान, महासचिव मुर्तजा अंसारी, मुखिया प्रतिनिधि विकास चौधरी सहित दर्जनों लोगों ने थाना पहुंच कर कार्रवाई की मांग की।

डोमचांच की नीलम सिंह ने अमेरिका के सीएटल में मनाया छठ

मेट्रो रेज संवाददाता

कोडरमा: बिहार , झारखंड, पूर्वी उत्तर प्रदेश के महापर्व छठ ने महासागरों के पार अपना रास्ता खोज लिया है। अपने मिट्टी से हजारों मील दूर होने के बाद भी छठी मईया के प्रति लोगों की आस्था कम नहीं होती , इसीलिए तो छठ पूजा लोक आस्था का सबसे बड़ा पर्व है। जिले के डोमचांच नगर पंचायत क्षेत्र के मूल निवासी सॉफ्टवेयर इंजीनियर कृष्णकांत सिंह की इंजीनियर पत्नी नीलम सिंह अमेरका के सीएटल में पूरे उत्साह और भक्ति के साथ छठ पर्व मनाई नीलम लगातार तीसरे वर्ष भी अमरीका में छठ पूरी पवित्रता और पारंपरिक अनुष्ठानों से मना कर अपनी सभ्यता और संस्कृति की अनूठी मिशाल पेश कर रही हैं। अपने गहरे आध्यात्मिक महत्व और अद्वितीय अनुष्ठानों के लिए जाना जाने वाला, छठ पूजा जीवन, ऊर्जा और समृद्धि प्रदान करने के लिए सूर्य देव और छठी मैया का सम्मान करता है। नीलम सिंह ने नहाय खाय के साथ इस महापर्व की शुरूवात की तथा खरना का प्रसाद ग्रहण कर 36 घण्टे का निर्जला उपवास भी रखना शुरू किया। खरना के आयोजन में लगभग 60 लोगों ने अमेरिका में स्थित उनके आवास पर पहुंच प्रसाद ग्रहण किया। इसके बाद अस्ताचलगामी एवं उदीयमान सूर्य को अर्घ्य अर्पित कर चार दिवसीय आस्था के महान पर्व छठ का समापन हो गया। अर्घ्य अर्पित करने में भी भारतीय मूल के काफी संख्या मे लोगों ने भाग लिया तथा पूरे श्रद्धा एवं भक्ति के साथ छठ का महाप्रसाद ग्रहण किया। इंजीनियर कृष्णकांत सिंह के कॉलेज में सीनियर कुसुम और उनके पति संजय कुमार ने महापर्व के लिए विशेष रूप से कैलिफोर्निया से सिएटल की यात्रा की है । उनके जूनियर मित्र मणिभूषण और उनकी पत्नी शालिनी श्रीवास्तव ने आयोजन में शुरू से ही साथ रहकर इनका पूर्ण सहयोग दिया। वहीँ निधि झा, रितु सिंह, और मनीषा राज ने खरना के प्रसाद बनाने में भरपूर सहयोग दिया। चार दिनों तक चलने वाले इस महापर्व में सम्मिलित होने वाले अन्य लोगों में नमिता, सुमित, दीपक झा, मंजरी, सुदीप, सिद्धार्थ, मिनाक्षी, गीता, रमेश, श्रुति, प्रभाकर, क्षितिज, मनीषा शुक्ला, कुणाल, नेहा, रानी सिंह, अमित बहादुर सिंह, साक्षी, मयंक, त्विशा, प्रेम, दिशिका, अभिषेक, संदीप सक्षम, अभिमन्यु, अनुजा, खुशबु, मुकेश, उपासना पांडेय, ऋचा मिश्रा, कुमार अंकित, आस्था शेखर, अमृता, अंकित, अनुकृति, राकेश, नेहा सहाय, अंकुर, अर्चना, अंकिता, रवि, नितीश, और निशि भी हैं। ये सभी लोग बिहार, झारखण्ड और उत्तर प्रदेश के मूल निवासी हैं जो अब अमेरिका में रह रहे हैं। विदेश में रह कर भी छठ महापर्व के सफल आयोजन करने को लेकर डोमचांच समेत कोडरमा जिले के विभिन्न क्षेत्रों में इस परिवार की काफी सराहना की जा रही है। इंजीनियर कृष्णकांत सिंह मूल रूप से डोमचांच काली मंडा के निवासी हैं तथा उनकी पूरी शिक्षा दीक्षा डोमचांच एवं कोडरमा के विभिन्न सरकारी स्कूलों व कॉलेज में हुई हैं। गौरतलब है की कृष्णकांत सिंह अपनी पत्नी नीलम सिंह, पुत्री अनन्या एवं पुत्र आर्यमन के साथ पिछले 14 वर्षो से अमेरिका में रह रहे हैं। अमेरिका में छठ पूजा मनाकर, भारतीय प्रवासी त्योहार के कृतज्ञता, भक्ति और सद्भाव के संदेश और अपने विरासत को नए तटों तक फैला रहे हैं। अपनी जड़ों से जुड़े रहने और पीढ़ियों के बीच सांस्कृतिक निरंतरता को बढ़ावा देने का ये तरीका काफी प्रशंसनीय है।

उदीयमान सूर्य को अर्घ्य देने के साथ ही छठ महापर्व संपन्न

मेट्रो रेज

रांची : लोक आस्था का महापर्व छठ उदीयमान सूर्य को अर्घ्य देने के साथ संपन्न हुआ। कार्तिक मास के शुक्ल पक्ष की सप्तमी तिथि को व्रतियों ने सुबह 06 बजकर 32 मिनट पर उदीयमान सूर्यदेव को अर्घ्य दिया और धन, धान्य और आरोग्य की कामना की। अर्घ्य देने के बाद व्रतियों ने पारण कर निर्जला उपवास को पूरा किया।

उदीयमान सूर्य को अर्घ्य देने के पीछे मान्यताः पौराणिक मान्यताओं के अनुसार, सूर्य षष्ठी का व्रत आरोग्य की प्राप्ति, सौभाग्य और संतान के लिए रखा जाता है। स्कंद पुराण के अनुसार, राजा प्रियव्रत ने भी छठ व्रत रखा था। उन्हें कुष्ट रोग हो गया था। इस रोग से मुक्ति के लिए भगवान भास्कर ने भी छठ व्रत किया था। स्कंद पुराण में प्रतिहार षष्ठी के तौर पर इस व्रत की चर्चा है। वर्षकृत्यम में भी छठ की महत्ता की चर्चा है।

व्रतियों के पारण के साथ संपन्न होता है चार दिवसीय छठ महापर्वः बता दें कि आस्था का महापर्व साल में दो बार चैत्र और कार्तिक माह में मनाया जाता है। छठ महापर्व की शुरूआत कार्तिक माह के शुक्ल पक्ष की चतुर्थी तिथि को नहाय-खाय के साथ हुई थी। इस दिन व्रतियों ने अरवा चावल, चना का दाल और कद्दु का सब्जी खाया था। वहीं कार्तिक मास के शुक्ल पक्ष की चतुर्थी तिथि यानी 6 नवंबर को खरना था। इस दिन रात में व्रतियों ने खीर का प्रसाद ग्रहण किया था। इसके बाद ही व्रतियों का 36 घंटे का निर्जला उपवास शुरू हुआ था। वहीं पंचमी तिथि को व्रतियों ने अस्तचलागामी सूर्य को अर्घ्य दिया था। जबकि आज यानी छठ के चौथे दिन अरुणोदय काल में भगवान भास्कर को अर्घ्य दिया गया। आज व्रतियों के पारण के साथ चार दिनों तक चलने वाला छठ महापर्व संपन्न हुआ।

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने अस्तचलगामी सूर्य को अर्घ्य अर्पित किया

रांचीः लोक आस्था, पवित्रता और सूर्य उपासना के महापर्व छठ के पावन अवसर पर, रांची के हटनिया तालाब छठ घाट पर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने अस्तचलगामी सूर्य को अर्घ्य अर्पित कर झारखंडवासियों की सुख-समृद्धि, खुशहाली और उत्तम स्वास्थ्य की प्रार्थना की। मुख्यमंत्री ने जयप्रकाश नगर, पहाड़ी टोला निवासी विष्णु उरांव (ट्रक ड्राइवर) की धर्मपत्नी पिंकी देवी, अलकापुरी, रातू रोड निवासी संजय चौधरी (ऑटो ड्राइवर) की धर्मपत्नी उर्मिला देवी, मेट्रोगली, बिरला मैदान निवासी सुरेश लोहरा (रिक्शा चालक) की धर्मपत्नी पूनम देवी और कचहरी चौक में पान दुकान चलाने वाले विनोद वर्मा जैसे छठव्रतियों के परिजनों के साथ भगवान भास्कर को संध्या अर्घ्य अर्पित किया और उनसे आशीर्वाद लिया।

प्रकृति, कृतज्ञता, सामाजिक और पारिवारिक एकता का प्रतीक है छठ महापर्वः इस अवसर पर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा कि लोक आस्था के महापर्व छठ पूजा की अलौकिक परंपरा सदियों से चली आ रही है। छठ महापर्व प्रकृति, कृतज्ञता, सामाजिक और पारिवारिक एकता का प्रतीक है। मैं इस अवसर पर समस्त राज्यवासियों को छठ महापर्व की हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं देता हूं। छठी मईया और भगवान सूर्य देव से प्रार्थना है कि वे समस्त झारखंडवासियों के कल्याण के साथ-साथ सुख, समृद्धि, खुशहाली, शांति और निरोगी काया प्रदान करें।

मशहूर शायर इमरान प्रतापगढ़ी इरबा में चुनावी जनसभा को करेंगे संबोधित

रांचीः इरबा में कल शाम 7 बजे अब्दुल कैयूम अंसारी उर्दू मिडल स्कूल परिसर में देश के मशहूर व मारूफ शायर, जनाब इमरान प्रतापगढ़ी, सांसद एवं राष्ट्रीय अध्यक्ष (अल्पसंख्यक विभाग) ऑल इंडिया कॉंग्रेस कमेटी, खिजरी व काँके विधानसभा में कॉंग्रेस के प्रत्याशियों के लिए चुनावी जनसभा को संबोधित करेंगे। अनवार अहमद अंसारी राष्ट्रीय उपाध्यक्ष - ऑल इण्डिया कॉंग्रेस कमिटी (अल्पसंख्यक विभाग) एवं प्रदेश उपाध्यक्ष झारखण्ड प्रदेश कॉंग्रेस कमेटी ने कहा कि शायर इमरान प्रतापगढ़ी को देखने और सुनने के लिए हजारों की संख्या में लोग आएंगे। साथ ही यह दोनों विधानसभा क्षेत्र के वोटर भारी संख्या में लोग शामिल होंगे।

मलेशिया में फंसे हैं झारखंड के 41 मजदूर

हजारीबाग, बोकारो और गिरिडीह से गये थे नौकरी करने, परिजनों ने राज्य और केंद्र सरकार से की अपील

रांचीः नौकरी करने के लिए झारखंड से मलेशिया गए 41 श्रमिक वहां फंस गए हैं। ढाई महीने से उन्हें वेतन नहीं मिला है। इन लोगों ने एक वीडियो संदेश जारी कर भारत सरकार और झारखंड सरकार से मदद की गुहार लगाई है। वहीं, एक श्रमिक की मां ने सरकार से अपील की है कि उनकी वतन वापसी सुनिश्चित की जाए।

एक महीने से भारतीय दूतावास में बैठे हैं श्रमिकः मजदूरों ने एक वीडियो जारी कर कहा- हमलोग ढाई महीने से फंसे हैं। डेढ़ महीने कंपनी के अंदर बैठे रहे। अब एक महीने से भारतीय दूतावास में बैठे हैं। तीन महीने से हमें वेतन नहीं मिला। दूतावास के अधिकारियों ने हमें आश्वासन दिया था कि पैसे दिलवाकर स्वदेश भेजेंगे। लेकिन, अब तक कोई कार्रवाई नहीं हुई है।

मलेशिया में फंसे श्रमिकों ने जारी किया वीडियो संदेश : मलेशिया में फंसे ये श्रमिक हजारीबाग, बोकारो और गिरिडीह जिले के हैं। इनका वीडियो संदेश आते ही यहां उनके परिजन चिंता में डूब गए हैं। एक बुजुर्ग महिला ने कहा कि उनका बेटा नौकरी करने के लिए मलेशिया गया था। वहां फंस गया है। उसका पासपोर्ट बनवाकर और टिकट भेज दो। इलाज के लिए पईसा भी नहीं है। बच्चों के स्कूल की फीस का पैसा कहां से देंगे। श्रमिक की मां कर रही बेटे को वापस लाने की अपीलः श्रमिकों के परिजनों ने कहा है कि रोजी-रोटी की तलाश में सरहद लांघकर लोग मलेशिया गए थे। पराए मुल्क में अब उन्हें खानाबदोश की जिंदगी गुजारनी पड़ रही है। वहीं, घर में उनके परिजन उनकी वतनवापसी का इंतजार कर रहे हैं।

पेपर लीक मामले पर घिरी सरकार

अमित शाह ने किया एसआईटी बनाकर जांच कराने का वादा

रांचीः हेमंत सोरेन की अगुवाई वाली जेएमएम गठबंधन सरकार के लिए विधानसभा चुनाव जीतने की राह मुश्किल होती जा रही है। दरअसल, प्रतियोगी परीक्षाओं में पेपर लीक और झारखंड कर्मचारी चयन आयोग से जुड़ी गड़बड़ियों के मुद्दे पर सरकार बुरी तरह घिरी हुई है। इन मुद्दों पर सरकार जनता को जवाब नहीं दे पा रही है।

हाल ही में, केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह झारखंड दौरे पर आये थे। इस दौरान उन्होंने परीक्षा पेपर लीक का मुद्दा उठाकर सत्ताधारी जेएमएम पर निशाना साधा। इसी के साथ शाह ने जनता से वादा किया कि अगर राज्य में उनकी पार्टी की सरकार बनती है तो एसआईटी द्वारा इन मामलों की जांच होगी और दोषियों को कड़ी से कड़ी सजा दी जाएगी।

झारखंड की जनता को संबोधित करते हुए अमित शाह ने कहा, 'परीक्षा के 11 से ज्यादा पेपर लीक हुए, मगर हेमंत बाबू खामोश हैं क्योंकि पेपर लीक कराने वाले उन्हीं के चट्टे-बट्टे हैं। आपने भले संरक्षण दिया, मैं कहकर जाता हूं, हम एसआईटी बनाकर पेपर लीक करने वालों को जेल की सलाखों के पीछे बांधने का काम करेंगे।' हेमंत सरकार के रवैए पर उठे कई सवालः हेमंत सरकार द्वारा हाल ही में पेपर लीक मामले से निपटने के तरीके पर सवाल उठ रहे हैं। यह झारखंड के लोगों की आस्था से जुड़ा मामला है। सरकार द्वारा अपनाए गए दृष्टिकोण की कड़ी आलोचना की गई है। कई लोगों का तर्क है कि अगर जेएमएम सरकार ने परीक्षा सुरक्षा को प्राथमिकता दी होती, तो ऐसी घटनाओं से बचा जा सकता था। यह भी आरोप लगाया गया है कि सरकार ने झारखंड कर्मचारी चयन आयोग (जेएसएससी) की भर्ती परीक्षाओं में संदिग्ध अनियमितताओं को नजरअंदाज किया और उचित कार्रवाई करने में विफल रही।

इससे स्वाभाविक सवाल उठता हैः पेपर लीक क्यों हुआ? क्या सरकार में इसे रोकने की क्षमता की कमी थी या फिर निष्पक्ष और पारदर्शी भर्ती प्रक्रिया सुनिश्चित करने की उसकी प्रतिबद्धता में कमी थी? उल्लेखनीय रूप से, अन्य राज्यों ने भी इसी तरह की घटनाओं को रोकने के लिए सख्त कदम उठाए हैं, जिनमें से कुछ ने परीक्षा की शुचिता बनाए रखने में महत्वपूर्ण सफलता हासिल की है।

स्टार्टअप से जुड़ेंगे एमबीए के विद्यार्थी, सेल का हुआ गठन

मेट्रो रेज

रांचीः रांची विवि में पहली बार एमबीए के विद्यार्थियों को स्टार्टअप से जोड़ने की पहल की जा रही है। इसके लिए इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट स्टडीज (आइएमएस) में स्टार्टअप एंड इंटरप्रेन्योरशिप सेल का गठन किया गया है। जबकि कुलपति डॉ अजीत कुमार सिन्हा के संरक्षण में उच्चस्तरीय कमेटी का भी गठन किया गया है। इस कमेटी में तकनीकी संस्थानों सहित केंद्रीय संस्थानों के विशेषज्ञों को शामिल किया गया है। इस सेल में विद्यार्थियों के आइडिया पर विशेषज्ञों द्वारा मार्गदर्शन किया जायेगा। साथ ही उन्हें आगे बढ़ने के लिए विवि की तरफ से प्रथम चरण में प्रोत्साहन राशि मुहैया करायी जायेगी। बेहतर आइडिया के आधार पर स्टार्टअप को रजिस्टर्ड कराने के लिए भी विवि की तरफ से राशि मुहैया करायी जायेगी। विवि द्वारा शीघ्र ही इसकी लांचिंग करायी जायेगी। बाद में इस सेल से अन्य विभागों के विद्यार्थियों को भी जोड़ा जायेगा।

प्रथम चरण में मिलेंगे 10 से 20 हजार रुपयेः रांची विवि में विद्यार्थियों के बिजनेस आइडिया पर शुरू किये जा रहे स्टार्टअप के लिए संस्थान द्वारा प्रथम चरण में विद्यार्थियों द्वारा प्राप्त आवेदन के आधार पर उनके बीच प्रतियोगिता का आयोजन किया जायेगा। निर्णायक मंडली द्वारा 20 बिजनेस आइडिया को सेलेक्ट (चयन) किया जायेगा। इस टीम को विवि द्वारा प्रथम चरण में कम से कम 10 से 20 हजार रुपये आर्थिक मदद किये जाने की संभावना है। साथ ही इस टीम में शामिल विद्यार्थियों को सेल में मौजूद विशेषज्ञ ट्रेनिंग देंगे। जब इनका स्टार्टअप आगे बढ़ेगा, तो अंतिम रूप से इनमें से बेहतर दो से तीन स्टार्टअप का चयन किया जायेगा। विवि द्वारा इसके रजिस्ट्रेशन तथा व्यावहारिक रूप से कंपनी के रूप में तैयार करने व मार्केटिंग के लिए पहल की जायेगी। साथ ही इसके तहत कम से कम एक लाख रुपये तक की आर्थिक मदद भी की जा सकेगी। कुलपति द्वारा आइएमएस के निदेशक डॉ वीएस तिवारी को पूरी प्रक्रिया की मॉनिटरिंग की जिम्मेवारी दी गयी है।

बनी है उच्चस्तरीय कमेटीः स्टार्टअप एंड इंटरप्रेन्योरशिप सेल के लिए बनी उच्चस्तरीय कमेटी में संरक्षक कुलपति डॉ अजीत कुमार सिन्हा हैं। जबकि अध्यक्ष आइएमएस के निदेशक डॉ वीएस तिवारी व सदस्य सचिव लैंग्वेज लैब को-ऑर्डिनेटर डॉ रंधीर कुमार हैं। कमेटी के अन्य सदस्यों में आइएमएस को-ऑर्डिनेटर डॉ नीलू कुमारी, बीआइटी मेसरा से विशाल एच शाह, डॉ जगन्नाथन, नेशनल लॉ यूनिवर्सिटी से डॉ हिरल मेहता, स्टार्टअप एडवाइजर किंगशुक बनर्जी, आइटी मंत्रालय के सहायक निदेशक शुभ मिश्रा, आइएमएस के डॉ नितिन रंजन त्रिपाठी सहित दो विद्यार्थी में अमिशा साव व मान कुमार शामिल हैं।

सूक्ति

मनुष्य को चाहिए कि वह परिस्थितियों से लड़े, एक स्वप्न टूटे तो दूसरा गढ़े:
अटल बिहारी वाजपेय

ट्रंप के जीत के मायने

पब्लिकन पार्टी के उम्मीदवार डोनाल्ड ट्रंप एक बार फिर अमेरिका के राष्ट्रपति बन गए हैं। उन्होंने बहुमत के जादुई आंकड़ों से अधिक मत हासिल किए हैं जो अमेरिकी समाज में उनकी लोकप्रियता के दशार्ता है। वह 2016 में भी चुनाव जीते थे। उनकी यह दूसरी जीत इसलिए भी विशेष मायने रखती है कि इस बार उनकी पार्टी को सीनेट में भी बहुमत मिल गया है। चुनाव अभियान के दौरान डोनाल्ड ट्रंप पर जानलेवा हमला हुआ था। इस घटना ने अमेरिकी समाज को गहरे तक झकझोर दिया था। हमले के समय ट्रंप ने जैसी हिम्मत और दिलेरी दिखाई थी उसे अमेरिकी मतदाता बहुत प्रभावित हुआ था। आम लोगों में या धारणा बनी कि आज की अस्थिर और संघर्ष से जूझ रही दुनिया में ट्रंप जैसे दृढ़ संकल्प वाले नेता की जरूरत है। उनकी ऐतिहासिक जीत में ट्रंप के व्यक्तित्व के इस करिश्माई पहलू की बड़ी भूमिका रही है। चुनाव प्रचार के अंतिम चरण में डेमोक्रेटिक पार्टी के दो बड़े नेताओं ने ट्रंप को समर्थन देने की घोषणा करके हलचल मचा दी। कॉमेडी परिवार के सदस्य रॉबर्ट एस कैनेड़ी ट्रंप के समर्थन में आ गए। जनमत सर्वेक्षणों के मुताबिक वह पांच फीसद मतदाताओं की पसंद थे। उनके पहले बदलने से कड़ी टक्कर वाले ह्यस्विंग स्टेट' ट्रंप को भारी सफलता मिली। इसी तरह डेमोक्रेटिक पार्टी की एक और पूर्व नेता तुलसी गबार्ड. ने भी ट्रंप को समर्थन देने की घोषणा की। सैनिक होने के बावजूद तुलसी युद्ध विरोधी हैं। डोनाल्ड ट्रंप की जीत का असर अमेरिका की घरेलू राजनीति के साथ वैश्विक राजनीति पर भी पड़ेगा। घरेलू स्तर पर अमेरिकी समाज और राजनीति में ध्रुवीकरण की प्रक्रिया तेज होगी। विदेश मोर्चे पर ट्रंप बाइडेन प्रशासन से अलग राह पकड़ सकते हैं। चुनाव जीतने के बाद उन्होंने कहा कि ह्यमैं युद्ध शुरू नहीं करूंगा बल्कि रोकने की कोशिश करूंगा।' उनकी इस घोषणा से उम्मीद बनती है कि रूसझ्रयूक्रेन युद्ध अब जल्द समाप्त होगा। ट्रंप भारत को ट्रंप से काफी अपेक्षाएं भी हैं। उम्मीद की जानी चाहिए कि बाइडेन प्रशासन की शह पर कनाडा जिस तरह से भारत के खिलाफ दुष्प्रचार कर रहा है उस पर रोक लगेगी। हालांकि ट्रंप मनमौजी की किस्म के व्यक्ति हैं। वह किसी मुद्दे पर क्या रु ख अपनाएंगे यह कहना मुश्किल है। फिर भी ट्रंप की नीतियों से भारत के हित एक हद तक सधेंगे ऐसा कहा जा सकता है।

सरकार के संज्ञान में देहरा

सुशासन की सियासी तीमारदारी के स्तंभ कमोबेश हर सत्ता के कक्ष से निकले और इन करवटों ने हिमाचल के भौगोलिक नक्शे पर कई प्रयोग किए। ताजा प्रयोग देहरा में मुख्यमंत्री कार्यालय का प्रवेश द्वार है। इससे पहले नादौन में मुख्यमंत्री का कैंप आफिस, सुशासन के अपने तरीके खोज लाया। हिमाचल के शासन में भौगोलिक खींचतान हमेशा रही है और इसी से निकले हैं कई प्रयोग। खास तौर पर पंजाब पुनर्गठन के बाद पहाड़ी क्षेत्रों में भौगोलिक सीमाओं को पढ़ते-पढ़ते कहीं न कहीं ऊपरी व निचले हिमाचल के वित्तीय विभेद सामने आए और इस रस्साकशी से उपजे विवादों से अलग होने की कोशिश हुई। स्व. वाई एस परमार के दौर से सुखविंदर सुक्खू के आधार तक पहुंचते-पहुंचते हिमाचल की करवटें अपने गीत सुनाती रहीं। स्व. ठाकुर रामलाल ने सरकार के कद को कांगड़ा की सोहबत में परखा तो पहली बार मंत्रिमंडल ने धर्मशाला में शिविर स्थापित करके नजदीकी के सेतु तलाशे जो बाद में फैलते हुए वीरभद्र सिंह के शीतकालीन प्रवास तक पहुंच गए। विवाद धर्मशाला में हिमाचल भवन पर उठा और धूमल सरकार ने कश्मीर हाउस को आजाद करवा कर पर्यटन निगम को सौंप दिया, लेकिन इसके बाद बाकायदा एक प्रशासनिक सचिवालय बना जहां शिमला के बाद कुछ मंत्री धर्मशाला आकर बैठने लगे। राजनीति के शिल्प को तेजधार देने में माहिर रहे स्व. वीरभद्र सिंह ने शीतकालीन प्रवास को विधानसभा के शीतकालीन सत्र तक पहुंचा कर तपोवन विधानसभा परिसर की स्थापना नहीं की, बल्कि शीतकालीन राजधानी का दर्जा भी दिया, जिसे बाद में आज तक तरजीह नहीं मिली। पिछले कुछ सालों से मुख्यमंत्री का शीतकालीन प्रवास भी गैरजरूरी होता जा रहा है, हालांकि जयराम सरकार ने अपनी पहली इनवेस्टमेंट मीट और सुक्खू सरकार ने अपनी पहली वर्षगांठ मनाने के लिए धर्मशाला में ही स्तंभ स्थापित किए। आखिर कुछ तो है जिसे शिमला के बाहर ढूंढते-ढूंढते सरकारें धर्मशाला तक पहुंचीं, लेकिन अब फेहरिस्त में क्षेत्रीय राजनीति का बदलाव मुख्यमंत्री के दो शिविर कैंप स्थापित कर रहा है। प्रो. प्रेम कुमार धूमल के बाद सुखविंदर सुक्खू के सामने सियासी दोहन की पारी हमीरपुर संसदीय क्षेत्र की जिरह को आबाद कर रही है और कहना पड़ता है कि सत्ता का शिखर और असर यही है। हमीरपुर संसदीय क्षेत्र के जिस पहलू में कांगड़ा का यह हिस्सा आ रहा है वहां सांसद अनुराग व भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा की निगरानी भी है। अनुराग ठाकुर जहां केंद्रीय विश्वविद्यालय को पहुंचा सकते थे, उससे कहीं आगे इसका देहरा परिसर पहुचं रहा है, जबकि धर्मशाला का प्रस्तावित जदरांगल परिसर अपने बुनियादी प्रश्नों से लड़ रहा है। बनखंडी का चिड़ियाघर अपने होने की इत्तिला दे रहा है, लेकिन धर्मशाला का टूरिस्ट विलेज, हिमुडा कालोनी, कानवेंशन परिसर, हाई आल्टीट्यूट स्पोर्ट्स कांपलेक्स व यूनिटी मॉल अपने खोने की खबर बना रहा है। बहरहाल नई सियासी परंपराओं के आलोक में अगर मजमून को पढ़ा जाए, तो यह स्पष्ट हो रहा है कि देहरा के आवश्यक सवालों की मिट्टी पर सत्ता का ताकतवार घरौंदा खड़ा हुआ। ऐसे में देहरा को जिला स्तर तक की सहूलियतों में इसका कद न्याय प्राप्त कर-के अब पुरानी अलग जिला बनाने की मांग को इतिश्री कर दे। सुशासन की खोज व राजनीतिक स्वाभिमान के विमर्श में देहरा पिछले कई वर्षों से जिला मुख्यालय का मूलधन पाने की मांग करता रहा है, लेकिन अब उससे बड़ा और राज्य की राजधानी के सामने मुख्यमंत्री व अन्य कार्यालय प्राप्त करके जो हासिल कर रहा है, वहां भविष्य की सियासत के पैमाने जरूर बदलेंगे। देहरा अब पौंग विस्थापन के नए आयताकार परिदृश्य में उम्मीदों की फेहरिस्त में अव्वल व सरकार के संज्ञान में प्रथम दर्जा हासिल कर रहा है। देहरा के अस्तित्व में आ रहे गुणात्मक परिवर्तन मात्र सत्ता की चकाचौंध नहीं हैं और अगर यह काफिला यहां स्थापित हो गया, तो चुनावी राजनीति की एक नई राजधानी भी साबित हो सकता है।

महिला अस्मिता का पक्ष

अब भी दुनिया के एक बड़े हिस्से में इस अवधारणा को सामाजिक स्वीकृति मिली हुई है कि शादी के रिश्ते में सेक्स के लिए सहमति का कोई महत्व नहीं है। दूसरी तरफ आज की तारीख में 150 देशों में मैरिटल रेप को अपराध घोषित किया जा चुका है। प्रथाओं के चलते, अपने देश में कुछ खास दिनों में सेक्स से परहेज अनिवार्य होता था। लेकिन ये सब अवरोध पुरुषों के लिए थे। एक तरह से यह मान कर चला जाता था कि सेक्स पर स्त्री मौन रहेगी। जब भी उसका पति उसके साथ सहवास की इच्छा व्यक्त करेगा, पत्नी ना-नुकुर नहीं कर सकती। यदि कहीं किसी स्त्री ने अपनी पहल पर पति से सेक्स की इच्छा व्यक्त की तो उसे बेह्या और बेशरम कहा जाता था। स्त्री की यह स्थिति दुनिया के सभी कथित समाजों में है। अपने यहां क्या स्थिति है, हम सब भली-भांति सब कुछ शायद जानते हैं। गहराई से सोचें तो मैरिटल रेप का मसला सीधे तौर पर महिलाओं की शारीरिक आजादी से जुड़ा है। लेकिन अब एक बड़ा वर्ग यह मानने लगा है कि यदि पुरुष उससे जबरदस्ती सेक्स करे तो यह यौन दुष्कर्म होगा

डा. वरिंदर भाटिया

मैरिटल रेप, यानी पत्नियों के ऊपर यौन हिंसा जायज है या फिर नाजायज, इसको लेकर चर्चा जोरों पर है। आखिर मैरिटल रेप क्या है? भारतीय न्याय संहिता के तहत अगर कोई पुरुष किसी महिला की सहमति के बगैर उसके साथ संबंध बनाता है तो यह बलात्कार है। इसके लिए कम से कम दस साल की सजा का प्रावधान है और कुछ मामलों में यह सजा उम्रकैद भी हो सकती है। हालांकि बिना सहमति के कोई व्यक्ति अगर अपनी पत्नी के साथ संबंध बनाए और अगर पत्नी की उम्र 18 साल या उससे अधिक है तो यह कानूनन बलात्कार नहीं है। इस समय यह ज्वलंत मुद्दा देश की न्याय व्यवस्था के समक्ष विचाराधीन है। भारत उन तीन दर्जन देशों में से एक है जहां शादी के बाद अपनी पत्नी से बिना मंजूरी के संबंध बनाने को बलात्कार नहीं माना जाता है। दुनिया के 185 देशों में से, 77 देशों में मैरिटल रेप पर कानून बना है। बाकी 108 देशों में से 74 देश ऐसे हैं जहां महिलाओं को रिपोर्ट दर्ज कराने का अधिकार है, जबकि भारत समेत 34 देश ऐसे हैं जहां पत्नी से रेप करने वाले पति को समाज के साथ कानून भी दोषी नहीं मानता है। इंटीमेसी यानी कामुकता और सेक्स संबंध पति-पत्नी के रिश्ते का अहम पहलू है, लेकिन अगर पति-पत्नी के बीच दुष्कर्म की बात कही जाए तो शायद कुछ लोग इसे मानने से इनकार करेंगे। लेकिन मैरिटल रेप पर हमारे देश में आए दिन चचाएं हो रही हैं। मैरिटल रेप यानी जब पति पर अपनी ही पत्नी के दुष्कर्म के आरोप लगें। जब पति ही पत्नी का शारीरिक शोषण करे, तो अनेक सवाल खड़े हो जाते हैं। अब आप कहेंगे कि पति-पत्नी के बीच तो शारीरिक संबंध होते ही हैं, तो फिर यह मैरिटल रेप दुष्कर्म कैसे हुआ? दरअसल मैरिटल रेप को लेकर हमारे देश में दो मत हैं। एक वर्ग का मानना है कि मैरिटल रेप जैसे कानून के आने के बाद इसका गलत इस्तेमाल किया जाएगा, क्योंकि शादी से जैसे रिश्ते में यह तय करना कि कब रेप हुआ है और कब नहीं, बेहद मुश्किल है। मैरिटल रेप के आरोपी को अपने आपको निर्दोष साबित करने में कठिनाई होगी। साथ ही कुछ पत्नियों द्वारा कानून का ज्यादातर दुरुपयोग किया जाएगा। वहीं महिला संगठन इसे महिलाओं की सुरक्षा को लेकर जरूरी मानते हैं। उनका मानना है कि मैरिटल रेप स्त्री-पुरुष के बीच एक मनोविकार है। वैवाहिक जीवन में संतुष्टि का आनंद तभी मिलता है जब स्त्री और पुरुष के बीच सहमति होती है। लेकिन असहमति तमाम विद्वेष और विकारों को जन्म देती है। इस तरह की हरकत से स्त्री की निगाह में पुरुष गिर जाता है। उस स्त्री की नजरों में देवता बना पति दानव बन जाता है। यूं तो किसी भी वैवाहिक संबंध में पति और पत्नी लगातार एक-दूसरे से उचित यौन संबंध की अपेक्षा रखते हैं। हालांकि इसका मतलब यह नहीं है कि पति अपनी पत्नी के शरीर की आजादी को हिंसक तरीके से भंग कर सकता है। संयुक्त राष्ट्र (यूएन) ने भी 1993 में महिलाओं के खिलाफ हिंसा संबंधी अपने घोषणापत्र में मैरिटल रेप को शामिल किया था। यूएन ने सभी देशों से कहा था कि इसे महिलाओं के साथ हिंसा के तौर पर ही देखा जाए। साथ ही, इससे जुड़े कानून बनाने की भी गुजारिश की थी। विश्लेषकों के अनुसार, चूंकि यह अपराध घर के बंद कमरों में होता है, इसलिए इसे लेकर समाज में शुरू से ही एक तरह की मौन स्वीकृति रही है। यौन हिंसा को लेकर बड़े स्तर पर अलग-अलग देशों के कानून में प्रगतिशील बदलाव देखे गए हैं। वहीं, पति द्वारा किए जाने वाले वैवाहिक बलात्कार को आज भी एक सवालिया नजर से देखा जाता है। अमरीकी थिंक टैंक प्यू रिसर्च के एक सर्वे के मुताबिक, हर 10 में से 9 भारतीयों का यह मानना है कि पत्नियों को पतियों की बात माननी चाहिए। बात न मानने की सूरत में और महिलाओं की शारीरिक स्वायत्तता के हनन का नतीजा अक्सर हिंसा के रूप में सामने आता है। अब भी दुनिया के एक बड़े हिस्से में इस अवधारणा को सामाजिक स्वीकृति मिली हुई है कि शादी के रिश्ते में सेक्स के लिए सहमति का कोई महत्व नहीं है। दूसरी तरफ आज की तारीख में 150 देशों में मैरिटल रेप को अपराध घोषित किया जा चुका है। प्रथाओं के चलते, अपने देश में कुछ खास दिनों में सेक्स से परहेज अनिवार्य होता था। लेकिन ये सब अवरोध पुरुषों के लिए थे। एक तरह से यह मान कर चला जाता था कि सेक्स पर स्त्री मौन रहेगी। जब भी उसका पति उसके साथ सहवास की इच्छा व्यक्त करेगा, पत्नी ना-नुकुर नहीं कर सकती। यदि कहीं किसी स्त्री ने अपनी पहल पर पति से सेक्स की इच्छा व्यक्त की तो उसे बेहया और बेशरम कहा जाता था। स्त्री की यह स्थिति दुनिया के सभी कथित समाजों में है। अपने यहां क्या स्थिति है, हम सब भली-भांति सब कुछ शायद जानते हैं। गहराई से सोचें तो मैरिटल रेप का मसला सीधे तौर पर महिलाओं की शारीरिक आजादी से जुड़ा है। लेकिन स्त्री शिक्षा और महिला सशक्तिकरण के चलते अब एक बड़ा वर्ग यह मानने लगा है कि यदि पत्नी की इच्छा नहीं हो और पुरुष उससे जबरदस्ती सेक्स करे तो यह यौन दुष्कर्म होगा।

इसे मैरिटल रेप कहा जाएगा। शादीशुदा जिंदगी में पुरुषों को इस तरह के हालात से बचना चाहिए, क्योंकि यह वैवाहिक रिश्तों का एक शर्मनाक पहलू है। जब यौन संतुष्टि यौन हिंसा में बदल जाए तो स्त्री-पुरुष संबंध अच्छे नहीं हो सकते। भारत के नेशनल फैमिली हेल्थ सर्वे-5 के मुताबिक, हर तीन में से एक महिला के साथ उसके पति ने शारीरिक या यौन हिंसा की थी। सबसे अधिक महिलाओं ने इस बात की शिकायत की कि इनकार करने के बावजूद पति उनके साथ जबरन यौन संबंध बनाते हैं। क्या सामाजिक दृष्टि और कानूनी नजरिए से इसे मान्यता दी जा सकती है? साल 2022 के नेशनल फैमिली हेल्थ सर्वे के अनुसार 18 से 49 साल की 82 फीसदी शादीशुदा महिलाओं के साथ देश में उनके पति यौन हिंसा करते हैं। क्या यह जायज है या फिर आपराधिक दृष्टिकोण से मुक्त है? मानव अधिकारों के चश्मे से देखें, तो देश की सभी महिलाओं के ऊपर यौन हिंसा का स्थान नहीं होना चाहिए, चाहे वह मैरिटल रेप ही क्यों न हो।

समृद्धि के लिए कर्मचारियों में कार्य नैतिकता जरूरी

यह समाज तथा प्रदेश के सामाजिक एवं आर्थिक विकास के लिए सही नहीं है। इस ओर सरकार को ध्यान देने की आवश्यकता है, ताकि वित्तीय संकट में दुर्लभ संसाधनों का सदुपयोग तथा कार्य गुणवत्ता लाई जा सके। वैसे तो बहुत से भ्रष्टाचार के मामले रोज समाचार पत्रों में पढ़नें को मिलते हैं, परंतु उनमें से मात्र कुछ यहां वर्णित केसों से पता लगता है कि हिमाचल में कर्मचारी अपने विभागों के मानदंडों तथा कार्य नैतिकता का पालन नहीं कर रहे हैं। नैतिकता की प्रेरणा ही किसी संगठन तथा संस्था को पूर्णतया सुचारू, पारदर्शी तथा नैतिक मूल्यों पर आधारित कार्यशील कर सकती है।

सत्यपाल वशिष्ठ

किसी देश या प्रदेश के आर्थिक एवं सामाजिक विकास अथवा समृद्धि के लिए यह अति आवश्यक है कि सरकारी एवं अर्द्ध-सरकारी विभागों में कार्यरत कर्मचारी एवं अधिकारी कार्य नैतिकता एवं संस्कृति से प्रेरित हों। तभी उन विभागों व संगठनों के उद्देश्यों को प्राप्त किया जा सकता है। विभाग के प्रबंधन को पहले खुद कायदा-कानूनों का पालन करना पड़ता है। तभी कर्मचारी इनका अनुसरण करते हैं। कर्मचारियों को भी व्यक्तिगत एवं पेशेवर नैतिकता बनाए रखनी चाहिए। तभी लंबे समय के लिए उनके हित सुरक्षित रह सकते हैं। कर्मचारियों में कार्य नैतिकता एवं संस्कृति लाना प्रबंधन तथा कर्मचारियों के नेताओं का दायित्व है। विभागों के प्रबंधकों को भी कर्मचारियों के मौलिक अधिकारों को, जो संविधान में वर्णित हैं, मानना होगा। देश के दुर्लभ संसाधनों के उचित बंटवारे के लिए आवश्यक है कि सभी विभागों के कर्मचारियों एवं अधिकारियों को कत्र्तव्यनिष्ठा व ईमानदारी से कार्य कर संगठन/संस्था के निर्धारित लक्ष्यों की पूर्ति करनी चाहिए। राजनेताओं को भी इन संगठनों के प्रशासकों से स्वार्थपूर्ण नीतियां नहीं बनवानी चाहिए। संगठन/संस्था समाज का अपरिहार्य हिस्सा होता है। संस्था चाहे उद्योग हो या सेवा प्रतिष्ठान हो, नैतिकता के नियम जो समाज में प्रचलित हों, उनकी समझ तथा पालना होनी चाहिए। यह विभाग के प्रबंधन का कर्तव्य है कि वह कार्य नैतिकता के लिए समय-समय पर कर्मचारियों को प्रेरित करे। हिमाचल प्रदेश के लोग ईमानदारी और कर्तव्यनिष्ठा के लिए दुनिया में जाने जाते हैं, परंतु वर्तमान में प्रदेश में भी सरकारी एवं अर्द्ध सरकारी विभागों में भ्रष्टाचार ने अपने पांव पक्की तरह पसार दिए हैं तथा कार्य संस्कृति का स्तर नीचे गिर रहा है। भ्रष्टाचार सतत विकास के लिए बाधा है, क्योंकि यह साधनों को डायवर्ट करता है। जहां इनकी जरूरी सेवाओं और आर्थिक विकास में आवश्यकता होती है, वहां इनका उपयोग नहीं होता है। यह समाज तथा प्रदेश के सामाजिक एवं आर्थिक विकास के लिए सही नहीं है। इस ओर सरकार को ध्यान देने की आवश्यकता है, ताकि वित्तीय संकट में दुर्लभ संसाधनों का सदुपयोग तथा कार्य गुणवत्ता लाई जा सके। वैसे तो बहुत से भ्रष्टाचार के मामले रोज समाचार पत्रों में पढ़नें को मिलते हैं, परंतु उनमें से मात्र कुछ यहां वर्णित केसों से पता लगता है कि हिमाचल में कर्मचारी अपने विभागों के मानदंडों तथा कार्य नैतिकता का पालन नहीं कर रहे हैं। नैतिकता की प्रेरणा ही किसी संगठन तथा संस्था को पूर्णतया सुचारू, पारदर्शी तथा नैतिक मूल्यों पर आधारित कार्यशील कर सकती है। पुलिस थाना नालागढ़ में एक दंपति के साथ पुलिस द्वारा मारपीट तथा प्रताड़ित करने के मामले में 6 पुलिस कर्मचारियों पर प्रदेश हाई कोर्ट के आदेशों पर 27 दिसंबर 2023 को मामला दर्ज किया गया। पालमपुर के कारोबारी पर पुलिस अधिकारी द्वारा जानलेवा हमला किया गया, जिसका केस हिमाचल प्रदेश हाईकोर्ट में चल रहा है। नादौन में कार्यरत रहा एसएचओ घूसखोरी और ड्रग्स केस में विजिलैंस की ग्रिफिथ से भाग निकला, जिसे दिसंबर 2021 में विजिलेंस ने बुक किया। जवाली में कार्यरत एसडीपीओ को अगस्त 2019 में 45000 रुपए रिश्वत लेते पकड़ा गया था। लोगों को पुलिस द्वारा डराना-धमकाना तो सामान्य बात हो गई है। पुलिस मुख्यालय की संदिग्ध सत्यनिष्ठा की लिस्ट में 121 पुलिस कर्मचारी हैं। ये कांस्टेबल से लेकर इंस्पेक्टर तक हैं। हिमाचल प्रदेश हाईकोर्ट ने हमीरपुर जिला के एक पटवारी को जमीन से संबंधित कागजात बनाने की एवज में 1000 रुपए की रिश्वत लेने के आरोप में 3 अक्टूबर 2024 को दो साल की सजा सुनाई। पालमपुर में जाली दस्तावेजों पर राजस्व विभाग के कर्मचारियों की मिलीभगत से धारा 118 का उल्लंघन करते हुए गैर हिमाचली के नाम जमीन कर दी। 11 अक्टूबर 2024 को नगरोटा में कृषि प्रमाणपत्र के लिए संबंधित पटवारी ने मलां निवासी मनोज कुमार से 20000 रुपए की रिश्वत ली और पकड़ा गया। राजस्व विभाग के कर्मचारियों से तो जनता को काम करवाना एक टेढ़ी खीर है। बहुत से म्यूटेशन, जमाबंदी, अतिक्रमण, निशानदेही, हक्मी और खानगी तकसीम सहित राजस्व मामले पेंडिंग रहते हैं। फील्ड में पटवारी एवं कानूनगो सर्वेसर्वा होते हैं। वो जो चाहें, वो ही होता है, क्योंकि उच्च अधिकारी फील्ड में कम ही जाते हैं। इसलिए इस विभाग में घूसखोरी ज्यादा होने के आरोप हैं। विजिलेंस की टीम ने पिछले कुछ सालों में राजस्व विभाग के घूसखोर पकड़े। इनमें 16 पटवारी, एक कानूगो और एक नायब तहसीलदार हैं। जल शक्ति विभाग मंडल कार्यालय बग्गी (मंडी) के अधिशासी अभियंता को नियमों को ताक पर रखकर ऑफलाइन टैंडर करने आदि के लिए विजिलेंस विभाग ने दबोचा, मंडल का रिकॉर्ड अपने कब्जे में लिया तथा अधिकारी का स्थानांतरण कर दिया है। जलशक्ति विभाग भी जनता को पानी मुहैया करवाने में असफल रहा है, ऐसा आरोप है। इस वर्ष की गर्मियों में हिमाचल के कुछ हिस्सों को छोडकर अधिकतर हिस्सों में कई दिनों तक पानी की आपूर्ति न होने के कारण लोगों ने धरना-प्रदर्शन किए। बरसात में भी कई जगह पानी की आपूर्ति न होने के समाचार हैं। डिप्टी रेंजर और फॉरेस्ट गार्ड को कत्र्तव्यों में कोताही बरतने पर दोषी पाए जाने के बावजूद विभाग ने केवल जुर्माना वसूलने की सजा देने पर प्रदेश हाईकोर्ट ने वन विभाग से स्पष्टीकरण मांगा। इन दोनों कर्मचारियों ने चैलचौक (मंडी) के समीप सैंकड़ों पेड़ों के कटान के दौरान कत्र्तव्यों में लापरवाही बरतने का दोषी पाया था। विभाग ने इन दोनों कर्मियों से 792970 रुपए का जुमार्ना वसूल कर छोड़ दिया था। नगर परिषद नेरचौक के कार्यालय में विजिलेंस डिपार्टमेंट ने पूरा रिकॉर्ड अपने कब्जे में लिया। यहां टेंडर्स में गड़बड़ी की शिकायत थी। राज्य विजिलेंस एवं भ्रष्टाचार विरोधी ब्यूरो ने 11 अक्टूबर 2024 को म्यूनिसिपल कौंसिल चंबा का रिकॉर्ड सील किया। मिंजर मेले के दौरान सेनिटेशन के कार्य तथा अन्य खरीद में अनियमितताएं की गई हैं। केस और भी हैं। बहरहाल, कर्मचारी नैतिकता की सख्त जरूरत है।

देव संस्कृति की विशेषता

चिंतन-मनन

यहां एक बात याद रखनी चाहिए कि संस्कृति का माता की तरह अत्यंत विशाल हृदय है। धर्म संप्रदाय उसके छोटे-छोटे बाल-बच्चों की तरह हैं, जो आकृति-प्रकृति में एक-दूसरे से अनमेल होते हुए भी माता की गोद में समान रूप से खेलते और सहानुभूति, स्नेह, सहयोग पाते हैं। भारत एक विचित्र देश है। इसमें धर्म, संप्रदायों की, जाति-विरादरियों की, प्रथा- परंपराओं की बहुलता है। भाषाएं भी ढेरों बोली जाती हैं। इनके प्रति परंपरागत रूझान और प्रचलनों का अभ्यास बना रहने पर भी सांस्कृतिक एकता में कोई अंतर नहीं आता। इसीलिए एक ही धर्म संस्कृति के लोग मात्र प्रांत, भाषा, संप्रदाय, प्रथा-प्रचलन जैसे छोटे कारणों को लेकर एक-दूसरे से पृथक अनुभव करें, उदासीनता बरतें और असहयोग दिखाएं, तो इसे दुर्भाग्यपूर्ण ही कहा जा सकता है। यह एक सोचनीय बात है कि देवसंस्कृति की गरिमा को उसके उत्तराधिकारी ही उपेक्षा की गर्त में धकेलते चले जा रहे हैं, जबकि अन्यत्र धर्म-संस्कृतियों में वैसी अवमानना दृष्टिगोचर नहीं होती। संस्कृति को प्रथा प्रचलन की परिपाटी भर मान बैठना भूल है। उसके साथ एक महान परंपरा की दिव्यधारा प्रवाहित होती है। उसे यदि सही रूप से समझाया और अपनाया जा सके, तो अतीत जैसे गौरव, वातावरण और वैभव का पुनर्जीवित हो उठना सुनिश्चित है।

अस्तु, प्रयत्न यह होना चाहिए कि देवसंस्कृति के दर्शन, स्वरूप, प्रचलन, प्रतिपादन को जानने, अपनाने के अवसर संसार भर के मनुष्य समुदाय को मिलता रहे। यदि वर्तमान परिस्थितियों में वैसा न बन पड़े, तो कम से कम इतना तो होना चाहिए कि जो लोग भारतीय संस्कृति पर विश्वास करते हैं, वे उसके स्वरूप को भली प्रकार समझें और जितना संभव हो, उतना अपनाए रहने का सच्चे मन से प्रयास करें। यह आवश्यकता भारत वाहर बसे प्रत्येक देवसंस्कृति के अनुयायी को अनुभव करनी चाहिए कि मध्यकालीन कुरीतियों, अंधविश्वासों एवं धर्म क्षेत्र में घुस पड़ी अनेकानेक विकृतियों को बुहारने के उपरांत जो शाश्वत और सत्य बच जाता है, उसे न केवल मान्यता देने का, वरन जन-जन को अवगत कराने तथा व्यवहार में सुस्थिर बनाए रहने का भाव भरा प्रयास किया जाए। सुदूर बसे भारतीयों को भिन्न परिस्थितियों, भिन्न वातावरण में एवं भिन्न प्रकार के व्यक्तियों के बीच निर्वाह करना पड़ता है।

स्वभावतः बहुसंख्यक लोगों का प्रभाव अल्पसंख्यकों पर पड़ता है।

आपके पत्र

उचित जीवनशैली बचाएगी कैंसर से

सात नवंबर को राष्ट्रीय कैंसर जागरूकता दिवस मनाया जाता है। पहली बार यह दिवस वर्ष 2014 में मनाया गया था। कहा जाता है कि यह नोबेल पुरस्कार विजेता वैज्ञानिक मैरी क्यूरी के जन्मदिन पर मनाया जाता है। मैरी क्यूरी को भौतिक विज्ञान के क्षेत्र में भी नोबेल पुरस्कार दिया गया था। वह रेडियो एक्टिविटी की खोज करने के कारण भी प्रसिद्ध थी। इस दिवस को मनाए जाने का मुख्य कारण लोगों को कैंसर से बचने के तौर-तरीकों के प्रति जागरूक करना भी है। दुनिया में ही नहीं, बल्कि हमारे देश में भी इसके मरीजों की संख्या बढ़ी है।

यह ऐसी बीमारी है जिसके बारे में लोगों को तब पता चलता है जब यह व्यक्ति को मौत के करीब ले आती है। हालांकि अब विज्ञान ने स्वास्थ्य क्षेत्र में भी तरक्की की है, जिस कारण कैंसर का इलाज संभव हुआ है। उचित जीवनशैली ही कैंसर से बचा सकती है।

बीके राय, रांची

मेट्रो रेज की ओर से स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक एवं मुद्रक जीतेन्द्र कुमार सिंह के लिए जेके न्यूज नेटवर्क, पिपरटोली, अरगोड़ा, रांची 834002 (झारखंड) से प्रकाशित तथा शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, नियर टेंडर बागीचा, पेट्रोल पंप रातू रोड, रांची , (झारखंड) से मुद्रित।
प्रधान संपादक : जीतेन्द्र कुमार सिंह, **संपादक** : लाल दिवाकर नाथ शाहदेव*, *पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 7369017908, R.N.I. No.-JHAHIN/2017/75028 **website : www.metrorays.in**
email : metrorays.ranchi@gmail.com

आस्था के महापर्व छठ पूजा में श्रद्धालुओं की पूरी होती है मनोकामना : बरकत खान

मेट्रो रेज संवाददाता

बरहरवा : नगर पंचायत क्षेत्र के वार्ड में कांग्रेस जिलाध्यक्ष बरकत खान अपने कांग्रेसी सदस्यों के साथ मिलकर छठ घाटों का अवलोकन किया।जिसमें सर्वप्रथम कालीतल्ला पोखर,रेलवे कॉलोनी के कलपोखर,राजमहल रोड में मुंशी पोखर आदि सम्मिलित है। जिलाध्यक्ष बरकत खान ने सभी घाटो में बने क्लब के सदस्यों से मुलाकात की और महापर्व छठ की उत्तम व्यवस्था को देखते हुए सभी को धन्यवाद व शुभकामनाएं दी।आस्था के महापर्व छठ पूजा में छठ व्रत धारियों को संदेश देते हुए बरकत खान ने कहा की महाभारत काल में द्रौपदी परिवार की सुख-शांति और रक्षा के लिए छठ का पर्व बनाया था।जब पांडव अपना सारा राजपाट जुए में हार गए,तब द्रौपदी ने छठ व्रत रखा।उनकी मनोकामनाएं पूरी हुईं और पांडवों को

राजपाट वापस मिल गया।लोक परंपरा के अनुसार,सूर्य देव और छठी मईया का संबंध भाई-बहन का है।हमारी प्रार्थना है कि जितने भी छठ धारी भक्तगण है उनकी मनोकामना पूर्ण हो।वही प्रखंड महासचिव निताय सरकार ने कहा कि हमारे नगर पंचायत क्षेत्र में आस्था के महापर्व छठ पूजा में बरहरवा नगर पंचायत के सभी पोखरों में छठ पूजा धूमधाम से मनाई जाती है यह पर्व शक्ति का प्रतीक है इसमें छठ व्रत धारी की मनोकामना पूर्ण होती है लोग बड़े ही श्रद्धा से छठ पूजा का व्रत करते हैं और सूर्य की उपासना करते हुए डूबते सूरज और उगते सूरज को आस्था के साथ नमन करते हैं साथ ही नगर क्षेत्र के लोग इस पर्व का आनंद लेने के लिए भारी भीड़ के साथ सभी जगह पर उपस्थित होकर मिल जुलकर और भाईचारे से पर्व को मनाते हैं। मौके पर वरिष्ठ कांग्रेसी रैसूल आलम,मोहम्मद नसरुद्दीन, सहनवाज नासिर,संतोष झा, अनंत लाल भगत, मानिक रविदास, प्रियरंजन दास, विनोद भास्कर, खोकन दास,आशीष दास,राजेश झा,शेखर रमानी, लोकनाथ घोष सहित दर्जनों कार्यकर्तागण एवं नगरिकगण उपस्थित थे।

न्यूज ब्रीफ

राजमहल विधानसभा प्रत्याशी एम टी राजा के पक्ष में जनसंपर्क अभियान चलाया

साहिबगंज : सदर प्रखंड के लालबथानी में इंडिया महागठबंधन के राजमहल विधानसभा प्रत्याशी एम टी राजा के पक्ष में जनसंपर्क अभियान चलाया जिसमें जिला कांग्रेस कमेटी के उपाध्यक्ष मो० कलीमुद्दीन के द्वारा अभियान चालाया गया।जनसंपर्क अभियान में मुख्य रूप से जिला युवा कांग्रेस जिलाध्यक्ष एखलक नदीम,झामुमो के प्रखंड अध्यक्ष मोजम्मील हक,सबदूल अंसारी, जिला साचिव कांग्रेस मो० रियाज,युवा कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष कौसर आलम,मो० सिद्दीकी,जहांगीर आलम, मुख्तार अहमद,जब्बार अली,प्रवेज आलम, अब्दूर रहीम, मोकिम आदि उपस्थित रहे।

सेक्टर 17 के अंतर्गत आने वाली सभी बूथों का लिया जायजा

साहिबगंज : नगर थाना के एस आई प्रदीप कुमार के नेतृत्व में आइटीबीपी के जवानों के साथ सेक्टर 17 पुरानी साहिबगंज के क्षेत्रों में फ्लैग मार्च निकल गया। फ्लैग मार्च के दौरान सेक्टर 17 के अंतर्गत आने वाली सभी बूथों का जायजा लिया गया और हर बूथों कि गतिविधियों की जानकारी प्राप्त किया गया। प्रदीप कुमार ने बताया कि एसपी अमित कुमार के निर्देश पर लगातार बूथों का निरीक्षण किया जा रहा है इसके अलावा सेक्टर 17 के पूरे क्षेत्र में फ्लैग मार्च भी किया गया। विधानसभा चुनाव के मतगणना के दौरान किसी प्रकार की गड़बड़ी न हो किसी प्रकार की घटना दुर्घटना ना हो इस पर विशेष निगरानी पुलिस टीम बनाई रखी है।

आईपीएस ने संयुक्त रूप से जिला नियंत्रण कक्ष का निरीक्षण

साहिबगंज : विधानसभा आम चुनाव 2024 निष्पक्ष, निर्भिक एवं शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न कराने के उद्देश्य से भारत निर्वाचन आयोग के द्वारा पर 3बरहेट अ०ज०जा० सामान्य प्रेक्षक श्री मजीद खलील अहमद ड्राबु आईएएस व्यय प्रेक्षक अनादि दीक्षित आईआर एस ,पुलिस प्रेक्षक, श्री दिनेश यादव आईपीएस ने संयुक्त रूप से जिला नियंत्रण कक्ष का निरीक्षण किया।निरीक्षण के क्रम में चेक नाकों का वीडियो सर्विलांस की जानकारी ली व निर्देशित करते हुए कहा कि चेक नाकों पर किसी वाहन को बिना चेक किए उन्हें छोड़ा ना जाए । सभी वहनों को गहनता पूर्वक जांच की जाए।

पोलिंग पार्टी का रेंडमाईजेशन सम्पन्न

साहिबगंज : विधानसभा आम चुनाव 2024 निष्पक्ष निर्भिक व शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न कराने के उद्देश्य से 1 राजमहल सामान्य प्रेक्षक श्री सी.के प्रसन्न, 2 बोरियों अ०ज०जा० सामान्य प्रेक्षक श्री गौतम सिंह, 3 बरहेट अ०ज०जा० सामान्य प्रेक्षक श्री मजीद खलील अहमद ड्राबु, व जिला निर्वाचन पदाधिकारी -सह- उपायुक्त हेमंत सती के अध्यक्षता में सुचना व विज्ञान कार्यालय के कॉन्फ्रेंस कक्ष में पोलिंग पार्टी का द्वितीय रेंडमाईजेशन सम्पन्न किया गया। मौके पर उप विकास आयुक्त -सह- नोडल पदाधिकारी कार्मिक कोषांग सतीश चंद्रा ,1 राजमहल निवार्ची पदाधिकारी-सह-अनुमंडल पदाधिकारी कपिल कुमार, 2बोरियों अ०ज०जा० निवार्ची पदाधिकारी-सह-अनुमंडल पदाधिकारी अंगार नाथ स्वर्णकार, 3 बरहेट अ०ज०जा० निवार्ची पदाधिकारी -सह- अपर समाहर्ता गौतम कुमार भगत,उप निर्वाचन पदाधिकारी सुनिता किस्कू एवं अन्य उपस्थित थें।

वाहन जांच अभियान में लाखों रुपए बरामद

साहिबगंज/मंडरो : बोआरीजोर मिजाचौकी मुख्य सड़क के बीच ठाकुरगंगटी सिरसा मोड़ के पास विधानसभा चुनाव को लेकर एफएसटी टीम के द्वारा वाहन जांच अभियान चलाया जा रहा था।वाहन चेकिंग के दौरान एक बाइक से 4 लाख 34 हजार 150 रुपए बरामद किया गया है। बाइक चालक थाना क्षेत्र के बुधवाचक शोएब अख्तर, पिता नसीम अंसारी, नाम बताया जा रहा है। बुधवार को करीब दिन के 1 बजे के आसपास शोएब बाइक से? कहीं जा रहा था। इसी दौरान सिरसा मोड़ पर गाड़ी की तलाशी ली गई जिसमें पैसा बरामद किया गया प्रशासन द्वारा जप्त कर लिया गया। मौके पर एसएसटी मजिस्ट्रेट अरविंद कुमार गोड्डा महेरमा इंस्पेक्टर हरि किशोर मंडल ठाकुरगंगटी थाना प्रभारी पंकज कुमार पुलिस बल के जवान मौजुद थे।

नुक्कड़ सभा मे नगरवासियों से अपील कांग्रेस प्रत्याशी निसात आलम को ही वोट दे : निताय

मेट्रो रेज संवाददाता

साहिबगंज/बरहरवा : नगर पंचायत के हाटपाड़ा में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने नुक्कड़ सभा का आयोजन किया गया।जिसकी अध्यक्षता नगर अध्यक्ष मनोज घोष ने की। सभा में महागठबंधन के कई योजनाओं को नगर वासियों के समक्ष रखा गया।बैठक का मुख्य उद्देश्य इस विधानसभा चुनाव को लेकर था।जिसमे पूर्व में महागठबंधन सरकार द्वारा किये गए कार्यो एवं योजनाओं को नगर वासियो के समक्ष रखा।वही प्रखण्ड महासचिव निताय सरकार ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि पूर्व महागठबंधन की योजनाओं में मुख्य रूप से फूलों झानो आशीर्वाद योजना, सावित्रीबाई फुले किशोरी योजना, ग्रीन राशन कार्ड,अबुआ आवास, सर्व जन पेंशन योजना, किसानों का कर्ज माफी,बिजली बिल माफी योजना,200 यूनिट बिजली फ्री, मुख्यमंत्री मैया सम्मान योजना को धरातल पर लाकर सभी लोगों के बीच लाभ पहुंचाने का काम किया है।ठीक उसी प्रकार इस चुनाव में जीत के बाद फिर से महागठबंधन की सरकार पिछले योजनाओं से भी बेहतर योजनाएं हम सभी को लाभ के रूप में देगी।साथ ही यह भी ज्ञात हो कि पूर्व सरकार में जनताओं की समस्याओं को हल करने के लिए प्रत्येक मंगलवार को विधायक कक्ष भी खोला गया था जिसमे ग्रामीण तथा नगर वासी अपनी ना होने वाले कार्यो को विधायक प्रतिनिधि के समक्ष रख अपने अधूरे कार्यों को पूरा करते थे।विधायक प्रतिनिधि भी बिना किसी पार्टी के भेदभाव से सभी की समस्याओं का निदान करते थे।एक प्रकार से कहा जाय कि भले ही विधायक कांग्रेस की रही हो लेकिन सभी पार्टी के लोगो का निश्वार्थ रूप से काम किया गया।इसलिए मैं आप सभी से अपील करता हूं कि इस विधानसभा चुनाव में कांग्रेस प्रत्याशी निशात अलाम को भारी से भारी संख्या में वोट देकर विजयी बनाये ताकि विधायक बनने के बाद पुनः सभी योजनाओ का लाभ ले सके।मौके पर कमल आर्य,गुलाम रब्बानी म नसीरुद्दीन, इफ्तेखार, शक्तिनाथ अमन, संतोष झा, भोला महतो, मिथुन मंडल, अनंत लाल भगत मो.सफातुल्लाह दिलदार आलम, मनोज घोष, संतोष राम, कुंदन साव, छोटे लाल रमानी, जहरुल,सपन भगत मो.नईम जयचंद दास, अजय गुप्ता, परवेज, पवन भगत, जुल्लू रहमान सहित दर्जनों समर्थक मौजूद थे।

शक्ति का पर्व है छठ होती है मनोकामना पूर्ण

मेट्रो रेज संवाददाता

साहिबगंज : जिला सहित आसपास क्षेत्र में छठ महापर्व मनाये आते आ रहे हैं। विदित हो कि महाभारत काल में द्रौपदी परिवार की सुख-शांति और रक्षा के लिए छठ का पर्व मनाया था।जब पांडव अपना सारा राजपाट जुए में हार गए ।तब द्रौपदी ने छठ व्रत रखा था।उनकी मनोकामनाएं पूरी हुईं और पांडवों को राजपाट वापस मिल गया।लोक परंपरा के अनुसार,सूर्य देव और छठी मईया का संबंध भाई-बहन का है।हमारी प्रार्थना है कि जितने भी छठ धारी भक्तगण है।उनकी मनोकामना पूर्ण हो। आस्था के महापर्व छठ पूजा बडे ही धूमधाम से मनाई जाती है। यह पर्व शक्ति का प्रतीक है। इसमें छठ व्रत धारी की मनोकामना पूर्ण होती है।लोग बड़े ही श्रद्धा से छठ पूजा का व्रत करते हैं। और सूर्य की उपासना करते हुए डूबते सूरज और उगते सूरज को आस्था के साथ नमन करते हैं। साथ ही इस पर्व का आनंद लेने के लिए भारी भीड़ के साथ सभी जगह पर उपस्थित होकर मिल जुलकर और भाईचारे से पर्व को मनाते है।वही दुसरी ओर जिला प्रशासन का भी पोकता इतजाम देखी गई ।

वीर मुंडा का सहयोग करने वाले प्रताप उरांव ने न्यायालय के समक्ष किया आत्मसमर्पण

साहिबगंज : जिरवाबाड़ी थाना क्षेत्र के लोहंडा निवासी वीर मुंडा ने दो नवंबर को अपने सहयोगी प्रताप उरांव के साथ अपने 20 वर्षीय पत्नी लक्ष्मी देवी का धारदार हथियार से हाथ काट कर हाथ लेकर फरार हो गया था। इस मामले में वीर मुंडा का सहयोग करने वाले प्रताप उरांव ने बुधवार को न्यायालय के समक्ष आत्मसमर्पण किया है। वीर मुंडा ,प्रताप उरांव की गिरफ्तारी को लेकर पुलिस लगातार छापेमारी कर रही थी। इधर पुलिस वीर मुंडा के गिरफ्तारी के लिए लगातार क्षेत्र में छापेमारी अभियान चला रही है। ज्ञात होगी बीते दो नवंबर को लोहंडा निवासी वीर मुंडा अपनी पत्नी लक्ष्मी देवी का धारदार हथियार से वार कर हाथ काट कर अलग कर दिया और हाथ लेकर फरार हो गया। इस पूरी घटना में वीर मुंडा का दोस्त प्रताप उरांव भी शामिल था। इधर घटना के बाद घायल लक्ष्मी के चिक पुकार से आसपास के लोग जुट गए और इसकी जानकारी स्वजनों और पुलिस को दिया।स्वजनों ने तुरंत इलाज के लिए सदर अस्पताल में भर्ती करवाया और जिरवाबाड़ी पुलिस का आवेदन देकर आरोपियों के विरुद्ध कार्रवाई की मांग की।

सड़क की समस्याओं को लेकर पुआल गांवों के लोगों ने किया विरोध

साहिबगंज/बोरियो : विधानसभा चुनाव की तैयारियों के बीच प्रखंड क्षेत्र के पुआल पंचायत के बूथ संख्या 118 एवं 119 के सैकड़ों मतदाताओं ने सड़क वह पानी की समस्याओं को लेकर ग्राम प्रधान संग्राम सोरेन के नेतृत्व में ग्राम सभा कर हाथों में तख्ती रोड नहीं तो वोट नहीं का विरोध कर वोट बहिष्कार का ऐलान किया गया है।ग्राम प्रधान संग्राम सोरेन ने बताया कि सड़क की समस्याओं के लिए सांसद विधायक सहित अन्य जनप्रतिनिधियों को कई बार शिकायत करने के बावजूद अभी तक सड़क नहीं बनाई गई है। सड़क नहीं रहने कारण मरीजों को खटिया पर टांग कर इलाज कराने के लिए ले जाया जाता है। सुभाष मुर्मू ने बताया कि लोकसभा के समय सड़क बनाने के लिए आश्वाशन दिया गया था। लेकिन अभी तक कार्य शुरू नहीं किया गया।पूर्व विधायक को भी कई बार सड़क की समस्याओं के लिए अवगत कराया गया है। लेकिन कोई सुनवाई नहीं रही है। जिससे बच्चों को स्कूल जाने,महिलाओं को पानी लाने में काफी परेशानी का सामना करना पड़ता है।वार्ड सदस्य दिनेश सोरेन ने बताया कि पुआल ऊपर टोला,जाहेर टोला,डिग्रा टोला, पंचायत टोला,मांझी टोला,ऊपर टोला से डिग्रा टोला में कच्ची सड़क होने पर भारी मुसीबतों का सामना करना पड़ता है। पुआल गांव के इसी रस्ते से आधा दर्जन से अधिक गांव जुड़ा हुआ है।जो अत्यंत खराब है। बारिश के मौसम में घुटने पर कीचड़ हो जाता है। उन्होंने बताया कि अगर सड़क के लिए कोई पहल नहीं की जाएगी तो विधासभा चुनाव का बहिष्कार किया जाएगा और जब तक सड़क नहीं तब तक वोट नहीं।

सीमावर्ती इलाकों से होने वाले अवैध रूप से तस्करी पर पूर्ण रूप से रोक लगाऐ : आईजी

विधानसभा चुनाव को लेकर पुलिस पदाधिकारियों के साथ आईजी ने किया बैठक दिए कई निर्देश

सीमावर्ती इलाकों के हर गतिविधि पर सभी पुलिस पदाधिकारी बनाए रखें अपनी पैनी नजर

मेट्रो रेज संवाददाता

साहिबंगज: विधानसभा चुनाव में लॉ एंड ऑर्डर बनी रहे इसके मद्देनजर संथाल परगना के आईजी क्रांति कुमार गड़िदेंशी बुधवार को साहिबगंज पुलिस लाइन पहुंचे। जहां आईजी ने एसपी से चुनाव की तैयारी एवं सुरक्षा व्यवस्था कि जानकारी प्राप्त किए।फिर आईजी ने डीएसपी, एसडीपीओ ,इंस्पेक्टर के साथ जिलास्तरीय बैठक कि और क्षेत्र के संवेदनशील अतिसंवेदनशील बुथो के बारे में जानकारी प्राप्त किए। आईजी ने

पुलिस पदाधिकारी को चुनाव के दौरान ला एंड आर्डर ना बिगड़े इसके लिए क्षेत्र की हर गतिविधि पर पैनी नजर बनाएं रखने का निर्देश दिया।साथ ही उन्होंने सभी पुलिस पदाधिकारी को निर्देश दिया कि बंगाल ,बिहार ,सीमावर्ती इलाका है। पुलिस पदाधिकारियों के साथ राज्यस्तरीय बैठक कर चुनाव को सफल बनाने के लिए रणनीति बनाएं और सभी अपराधी की गिरफ्तारी सुनिश्चित करें और सीमावर्ती इलाकों से होने वाले अवैध रूप से तस्करी पर पूर्ण रूप से रोक लगाऐ और तस्करों पर कड़ी से कड़ी कार्रवाई करें।उन्होंने कहा कि जिला में एकस्ट्रा पुलिस फोर्स लगाया जाएगा। अर्ध सैनिक बल पहले से मौजूद व मुस्तैद है।क्षेत्र में अर्ध सैनिक बलों के साथ लगातार फ्लैग मार्च व अति संवेदनशील बूथों का निरीक्षण करते रहने का निदेश दिया। आईजी ने बताया कि विधानसभा चुनाव को लेकर पुलिस पदाधिकारी के साथ समीक्षा बैठक की गई हर बिंदु पर सभी को निर्देश दिया गया है। पहले से अर्ध सैनिक बल जिले मैं मौजूद है और अन्य की भी मांग की गई है। क्षेत्रवासी भय मुक्त वातावरण में अपना मत का प्रयोग करते हुए निर्धारित दिन में मतदान कर सकें इसके लिए पुलिस पदाधिकारी की हर बूथों पर कड़ी सुरक्षा रहेगी।कहा की निर्वाचन आयोग के निदेर्शानुसार चुनाव की तैयारी, फोर्स की प्रतिनियुक्ति, सीएपीएफ कंपनियों की लॉजिस्टिक, विधि-व्यवस्था की एसपी से जानकारी ली है। हर एक बूथ की जानकारी लेते हुए संवेदनशील व अतिसंवेदनशील बूथों में फोर्स की प्रतिनियुक्ति के निर्देश दिए गए हैं। जिला में 485 सेंसेटिव बूथों पर सीएपीएफ की कंपनी तैनात की जाएगी। लोकसभा चुनाव से ज्यादा सीएपीएफ की कंपनियां दी जा रही हैं। हर बूथ पर इस बार पर्याप्त संख्या में बालों की प्रतिनियुक्ति होगी।इधर आईजी के आगमन पर सार्जेंट रोहित दुबे के नेतृत्व में पुलिस जवानों के साथ गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया।बैठक के दौरान एसपी अमित कुमार सिंह,डीएसपी विजय कुशवाहा एसडीपीओ किशोर तिर्की,राजमहल बरहडवा एसडीपीओ सहित इंस्पेक्टर मौजूद थे।

सिंघम अगेन का बॉक्स ऑफिस पर जलवा, पहले हफ्ते कमाए 170 करोड़

बॉलीवुड अभिनेता अजय देवगन की फिल्म सिंघम अगेन ने भारतीय बाजार में पहले सप्ताह में 170 करोड़ से अधिक की कमाई कर ली है। रोहित शेट्टी के निर्देशन में बनी फिल्म सिंघम अगेन सिंघम फ्रेंचाइजी की तीसरी फिल्म है। सिंघम अगेन दिवाली के अवसर पर 01 नवंबर को रिलीज हुई है। सिंघम अगेन में अजय देवगन, करीना कपूर, दीपिका पादुकोण, अर्जुन कपूर, टाइगर श्रॉफ, अक्षय कुमार, रणवीर सिंह, रवि किशन और जैकी श्राफ की अहम भूमिका है। सिंघम अगेन बॉक्स ऑफिस पर धमाल मचा रही है। इस मल्टीस्टारर फिल्म को दर्शकों से शानदार रिस्पॉन्स मिल रहा है। सैकनिल्क की रिपोर्ट के अनुसार सिंघम अगेन ने भारत में ओपनिंग डे पर 43.5 करोड़ रुपए का कलेक्शन किया था। दूसरे दिन फिल्म ने 42.5 करोड़ ,तीसरे दिन 35.75 करोड़ चौथे दिन 18 करोड़,पांचवे दिन 14 करोड़ , छठे दिन 10.5 करोड़ और सातवें दिन 8.66 करोड़ रुपए की अनुमानित कमाई की है। इस तरह फिल्म ने अपने पहले सप्ताह में सात दिनों में भारत में 172 करोड़ रुपए से अधिक की कमाई कर ली है। उम्मीद है कि सिंघम अगेन जल्द ही 200 करोड़ के क्लब में एंट्री ले लेगी।

अनन्या और लक्ष्य को लेकर चांद मेरा दिल बनाएंगे करण जौहर

फिल्मकार करण जौहर अनन्या पांडे और लक्ष्य लालवानी को लेकर रोमांटिक फिल्म चांद मेरा दिल बनाने जा रहे हैं। करण जौहर ने अनन्या पांडे और लक्ष्य लालवानी को लेकर फिल्म चांद मेरा दिल बनाने की घोषणा की है। करण जौहर ने इंस्टाग्राम पर फिल्म चांद मेरा दिल का चार पोस्टर शेयर किया है और कैप्शन में लिखा है हमारे दो चांद हैं आपके लिए एक इंटेंस और बेहतरीन कहानी लाने के लिए तैयार हैं!!! प्यार में थोड़ा पागल होना ही पड़ता है..चांद मेरा दिल में नजर आएंगे अनन्या पांडे और लक्ष्य। 2025 में सिनेमाघरों में।

फिल्म चांद मेरा दिल का निर्देशन विवेक सोनी करेंगे। यह फिल्म अगले साल सिनेमाघरों में रिलीज होगी।

पुष्पा: द रूल से अल्लू अर्जुन और फहाद फासिल का पोस्टर रिलीज

फिल्म पुष्पा: द रूल से अल्लू अर्जुन और फहाद फासिल का नया पोस्टर रिलीज कर दिया गया है। पुष्पाः द रूल का काउंटडाउन ऑफिशियली शुरू हो चुका है। पुष्पाः द राइज की कामयाबी के बाद, इसका सीक्वल और भी धमाकेदार एक्शन, ड्रामा और इंटेंसिटी के साथ लौटने वाला है। नया पोस्टर इस धमाल की झलक दे रहा है। माइथ्री ऑफिशियल ने काउंटडाउन के साथ एक नया पोस्टर जारी किया है, जिसका कैप्शन है, #पुष्पाः द रूल के लिए एक महीना बाकी है।खुद को तैयार रखें झ्र साल की सबसे बड़ी भारतीय फिल्म एक महीने में सिनेमाघरों में धमाल मचाने के लिए तैयार है। जल्द होने वाला है ट्रेलर का धमाका।

पुष्पा 2: द रूल साल में अल्लू अर्जुन, रश्मिका मंदाना और फहाद फासिल की मुख्य भूमिका है। इस फिल्म का निर्देशन सुकुमार ने किया है और इसे मैश्री मूवी मेकर्स और सुकुमार राइटिंग्स द्वारा प्रोड्यूस किया गया है, जिसमें टी-सीरीज का म्यूजिक है।

फिल्म की शूटिंग के बीच हैदराबाद में जान्हवी कपूर ने की विशेष पूजा

अक्सर तिरुपति मंदिर में दर्शन के लिए जाने वाली बॉलीवुड अभिनेत्री जान्हवी कपूर को कई बार उज्जैन महाकाल और केदारनाथ के दर्शन करते देखा गया था, लेकिन इस बार उन्होंने हनुमान मंदिर में पूजा की है। बॉलीवुड अभिनेत्री जान्हवी कपूर ने हैदराबाद के मधुरानगर स्थित हनुमान मंदिर में विशेष पूजा की। जान्हवी कपूर आरआरआर स्टार राम चरण के साथ एक फिल्म की शूटिंग के लिए हैदराबाद आईं थीं और उन्होंने हनुमान मंदिर में पूजा करने का मौका नहीं छोड़ा। मंदिर के पुजारी ने विशेष पूजा की और आशीर्वाद दिया। जान्हवी कपूर की देवताओं में गहरी आस्था है। वह अक्सर मंदिरों में जाती हैं और नियमित रूप से तिरुमाला के श्रीवारी जाती हैं। उनकी इस भक्ति की चर्चा सोशल मीडिया पर भी होती है।

इन फिल्मों में आएंगी नजरः जान्हवी कपूर ने तेलुगु फिल्म 'देवराः पार्ट 1' में काम किया और तेलुगु दर्शकों के बीच लोकप्रिय हो गईं। उनकी आने वाली फिल्म 'देवरा 2' में भी उनकी भूमिका खास होने की उम्मीद है। फिलहाल वह राम चरण की फिल्म 'आरसी 16' में काम कर रही हैं। इस फिल्म की शूटिंग हैदराबाद में चल रही है और इसी फिल्म के सिलसिले में जान्हवी हैदराबाद पहुंची, जहां उन्होंने न सिर्फ मंदिर में दर्शन किए बल्कि एक खास पूजा भी की। इससे एक बार फिर पता चलता है कि जान्हवी कपूर पूजा-पाठ में काफी विश्वास रखती हैं। वह वरुण धवन के साथ धर्मा प्रोडक्शन की सनी संस्कारी की तुलसी कुमारी में भी नजर आएंगी।

जान्हवी पर है अपनी मां का असरः जान्हवी कपूर की मां मशहूर अभिनेत्री श्रीदेवी की मातृभाषा तेलुगु है और यही वजह है कि जान्हवी कपूर का भी वहां से जुड़ाव है। जान्हवी भी धाराप्रवाह तेलुगु बोलती हैं और उन्होंने यह तोहफा 'देवराः पार्ट 1' की रिलीज के दौरान दिया। गौरतलब है कि श्रीदेवी ने भी अपने करियर में कई तेलुगु फिल्में कीं। वहीं जान्हवी भी अपनी मां के दिखाए रास्ते पर चल रही हैं। बॉलीवुड से शुरूआत करने के बाद उन्होंने टॉलीवुड का भी रुख कर लिया है। उम्मीद है कि जान्हवी भी अपनी मां की तरह एक मजबूत तेलुगु फैन बेस तैयार करेंगी। वैसे जान्हवी की खूबसूरती की तुलना अक्सर उनकी मां से की जाती है।

बीसीसीआई लिखित में दे टीम इंडिया आएगी या नहीं, चैंपियंस ट्रॉफी 2025 को लेकर पीसीबी की डिमांड

नई दिल्ली: पाकिस्तान में अगले साल चैंपियंस ट्रॉफी का आयोजन होने वाला है। आईसीसी आमतौर पर तीन महीने शेड्यूल का ऐलान कर देता है। रिपोर्ट्स के मुताबिक, 10 से 12 नवंबर के बीच चैंपियंस ट्रॉफी का शेड्यूल का ऐलान हो जाएगा। ऐलान से पहले पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड भारतीय क्रिकेट बोर्ड से लिखित में जवाब मांगा है कि टीम इंडिया पाक जाएगी या नहीं। पीसीबी चाहता है कि भारत लिखित में हां या नहीं में जवाब दे। पीसीबी के सीओओ सलमान नसीर दुबई में हैं और आईसीसी अधिकारियों से बात कर रहे हैं। नसीर से पहले पीसीबी चैयरमैन ने शेड्यूल तय होने से पहले आईसीसी अधिकारियों से बात की थी। पाकिस्तान को लंबे समय बाद किसी आईसीसी टूर्नामेंट की मेजबानी मिली है। हालांकि, भारत का इस टूर्नामेंट में हिस्सा लेना अभी तय नहीं है। भारतीय सरकार ने इससे पहले कभी टीम को पाकिस्तान भेजने के लिए कोई आधिकारिक पत्र नहीं दिया है। पीसीबी का कहना है कि बीसीसीआई भारतीय सरकार की अनुमति लेकर लिखित में जवाब दे। अगर ऐसा नहीं होता है, तो आईसीसी जो शेड्यूल जारी करेगा, उसमें भारत के मैच पाकिस्तान में ही होंगे। अगर भारत हिस्सा लेने से इनकार करता है ।आईसीसी ने बैकअप प्लान तैयार किया हुआ है। वह बजट को रिवाइज करेगा, लेकिन इस बारे में और जानकारी नहीं दी गई है।



बिग बॉस ओटीटी 3 से मशहूर हुई सना सुल्तान ने मदीना में किया 'सपने जैसा' निकाह

बिग बॉस ओटीटी 3 फेम सना सुल्तान ने सऊदी अरब के मदीना में अपने मंगेतर मोहम्मद वाजिद से शादी की। उन्होंने इंस्टाग्राम पर अपने 'सपने जैसा' निकाह समारोह की तस्वीरें साझा कीं। सना सुल्तान ने अपने निकाह समारोह की तस्वीरों के साथ एक लंबा पोस्ट भी पोस्ट किया। इसकी शुरूआत इस तरह हुई, अल्हम्दुलिल्लाह, मुझे यह बताते हुए बेहद खुशी हो रही है कि मुझे सबसे पवित्र और सपनों जैसी जगह-मदीना में निकाह करने का सौभाग्य मिला है-सबसे शानदार इंसान, मेरे वाजिद जी, मेरे विटामिन डब्ल्यू के साथ। प्यारे दोस्तों से लेकर जीवनसाथी तक, हमारा सफर प्यार, धैर्य और विश्वास का एक वसीयतनामा रहा है। उन्होंने आगे कहा, मेरे दिल को इस बात पर गर्व और खुशी होती है कि हमने अपने रिश्ते को पवित्र-हलाल बनाए रखा। आज की दुनिया में, जहाँ ऐसे विकल्प दुर्लभ लग सकते हैं, खासकर मेरे जैसे आधुनिक दृष्टिकोण वाले व्यक्ति के लिए, हम दृढ़ रहे। हम ऐसे समय में मिले जब हमारी आत्माओं को उपचार की आवश्यकता थी, और शुद्ध इरादों और सच्चे प्यार के माध्यम से, हम एक-दूसरे के लिए सांत्वना बन गए। अभिनेता-मॉडल ने आगे लिखा कि उन्होंने चमक-दमक से दूर एक साधारण शादी का सपना देखा था। उनके नोट में लिखा था- शुरू से ही, हमने हराम से दूर रहकर अपने बंधन का सम्मान करने की कसम खाई थी, यह मानते हुए कि यह एक स्थायी रिश्ते की आधारशिला है। हमने अपने दिलों को विश्वास और धैर्य (सब्र) में बांधा, हमें मार्गदर्शन करने के लिए सर्वशक्तिमान पर भरोसा किया। हमारा सपना एक साधारण निकाह था, जो सांसारिक चमक-दमक की भव्यता से मुक्त था, और आज, हमारे धैर्य को पुरस्कृत किया गया है। अपने प्रियजनों की मौजूदगी में, मदीना के शांत आसमान के नीचे, हमने साथ रहने की इस खूबसूरत यात्रा की शुरूआत की।

भारत-साउथ अफ्रीका में फटाफट क्रिकेट आज से

■ डरबन के किंग्समीड मैदान पर 17 साल बाद उतरेगी टीम इंडिया ■ रात 8:30 बजे से टकराएंगे सूर्यकुमार-एडन मार्करम

एजेंसी/ डरबनः दक्षिण अफ्रीका दौरे पर शुक्रवार से शुरू हो रही चार टी-20 मैचों की सीरीज के पहले मुकाबले में सूर्यकुमार यादव की अगवाई वाली भारतीय टीम जीत के लक्ष्य के साथ 17 साल बाद डरबन के किग्समीड मैदान पर उतरेगी। किग्समीड मैदान पर वर्ष 2007 में भारत ने एकमात्र टी-20 मैच खेला है। 17 साल पहले खेले गए इस मैच में भारतीय टीम ने दक्षिण अफ्रीका को 37 रन से शिकस्त दी थी। इस मुकाबले में रोहित शर्मा ने अर्द्धशतक लगाया था और आरपी सिंह ने घातक गेंदबाजी करते हुए चार ओवरों में महज 13 रन देकर चार विकेट झटके थे। किग्समीड मैदान की पिच का मिजाज समझना बड़ा ही मुश्किल रहा है। इस मैदान पर 18 टी-20 अंतरराष्ट्रीय मुकाबले हो चुके हैं। ऐसा देखा गया है कि यह एक हाई-स्कोरिग मैदान रहा है। इस मैदान में पहली पारी में औसत स्कोर 153 रन और दूसरी पारी में औसत स्कोर 135 रन पर आ जाता है। इस मैदान पर नौ बार पहले बल्लेबाजी करने वाली टीम ने जीत हासिल की है और आठ बार दूसरी पारी में बल्लेबाजी करने वाली टीम ने बाजी मारी है। एक मुकाबले का कोई परिणाम नहीं निकल सका। पिछले वर्ष ऑस्ट्रेलिया ने इसी मैदान पर 191 रन के लक्ष्य को सफलतापूर्वक हासिल कर दक्षिण अफ्रीका को हराया था।

अगर रिकार्ड को देखा जाये तो भारतीय टीम यहां पिछली पांच टी-20 श्रृंखला में एक भी बार नहीं हारी है। इस दौरान तीन श्रृंखला ड्रा रही हैं। दोनों देशों के अब तक बीच नौ द्विपक्षीय टी-20 श्रृंखला खेली गई हैं। इनमें से चार में भारत ने और दो में अफ्रीका ने जीत दर्ज की है। भारत आखिरी बार नौ साल पहले अक्तूबर 2015 में दक्षिण अफ्रीका से टी-20 सीरीज हारा था। टी-20 विश्वकप सेमीफाइनल के बाद यह पहली बार होगा जब भारत और दक्षिण अफ्रीका की टीमें आमाने-सामने होगी। दक्षिण अफ्रीका और भारत के बीच पहला टी-20 अंतरराष्ट्रीय मुकाबला साल वर्ष 2006 में खेला गया था। अब तक दोनों टीमों के बीच 27 मैच खेले गए हैं, जिसमें से 11 मैच में दक्षिण अफ्रीका और 15 मैच भारतीय टीम की जीत मिली हैं। एक मैच बेनतीजा भी रहा है। इनमें से दक्षिण अफ्रीका की सरजमीं पर खेले गए नौ मैचों में से भारतीय टीम ने छह मैच जीते और तीन में उसे हार का सामना करना पड़ा है। भारतीय तेज गेंदबाजी की जिम्मेदारी अर्शदीप सिंह की अगवाई में आवेश खान, विजयकुमार वैशाख और यश दयाल जैसे खिलाड़ी पर होगी। दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ इस सीरीज में खेलने वाले कई खिलाड़ियों की नजर आईपीएल की बड़ी नीलामी पर रहेगी।

टीम इंडियाः सूर्यकुमार यादव (कप्तान), अभिषेक शर्मा, संजू सैमसन (विकेटकीपर), रिकू सिंह, तिलक वर्मा, जितेश शर्मा (विकेटकीपर), हार्दिक पांड्या, अक्षर पटेल, रमनदीप सिंह, वरुण चक्रवर्ती, रवि बिश्नोई, अर्शदीप सिंह, विजयकुमार विशक, आवेश खान और यश दयाल।

दक्षिण अफ्रीकाः एडन मार्करम (कप्तान), ओटनील बार्टमैन, रीजा हेंड्रिक्स, मार्को जानसन, ट्रिस्टन स्टब्स, हेनरिक क्लासेन, पैट्रिक क्रुगर, केशव महाराज, डेविड मिलर, मिहलाली मपोंगवाना, नकाबा पीटर, रयान रिकेलटन, एंडिल सिमलेन, लूथो सिपाम्ला, गेराल्ड कोएट्जी, डोनोवन फरेरा।

पटना छठ पूजा के दौरान ओवरलोड नाव तालाब में पलटी, दो की मौत

एजेंसी

छपरा : बिहार के छपरा में आज सुबह वाले छठ पूजा के दौरान एक हादसा हो गया, जिसमें दो युवकों की जान चली गई। दरअसल, तरैया थाना इलाके के पचभिंडा गांव स्थित एक बड़े पोखरा में आज सुबह ओवरलोड नाव पलट गई। छोटी सी नाव पर क्षमता से अधिक लोग सवार थे। हादसे में दो युवकों की डूबने से मौत हो गई, वहीं 8 अन्य लोग तैरकर सुरक्षित बाहर निकल गए। इन लोगों का इलाज अस्पताल में चल रहा है। हादसे के बाद गांव में छठ पूजा की खुशी मातम में बदल गई।

घर का इकलौता चिराग बूझ गया: मृतकों की पहचान पचभिंडा गांव के रहने वाले बीट्टू कुमार सिंह के रूप में की गई है। वह घर का इकलौता बेटा भी था। बता दें, उसके पिता का भी पहले देहांत हो चुका है। घर का अकेला चिराग बूझ जाने की वजह से परिजनों में कोहराम मचा हुआ है। वहीं दूसरे मृतक की पहचान दसई मांझी के रूप में हुई है। हादसे का एक वीडियो भी सामने आया है, जिसमें नाव पर सवार लोग पानी में गिरते हुए नजर आ रहे हैं।

10 लोग नाव पर थे सवार: मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, गांव के बड़ा पोखरा पर आज छठ महापर्व का सुबह वाला अर्घ्य दिया जा रहा था। इसी दौरान एक छोटी सी नाव पर करीब 10 लोग सवार थे। नाव ओवरलोड होने की वजह से नाव किनारे से थोड़ी ही दूर जाने के बाद अनियंत्रित होकर पलट गई। किसी तरह ग्रामीणों ने 8 लोगों को सुरक्षित बाहर निकाला। हादसे की जानकारी पुलिस को दो गई, जिसके बाद पुलिस दल बल के साथ मौके पर पहुंची और दोनों शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए छपरा सदर अस्पताल भेज दिया। पुलिस हादसे की जांच कर रही है।

न्यूज ब्रीफ

तुम्हारे ऊपर जिन्न का साया है कहकर महिला को अपने घर ले गया मौलवी, पार की हैवानयित की हदें

मुजफ्फरनगर: जिन्न का साया उतारने के बहाने मौलवी ने महिला के साथ दुष्कर्म किया। विरोध करने पर उसकी आंखों की रोशनी चले जाने का डर दिखाया। दुष्कर्म के बाद आरोपी मौलवी ने उसे जबरन बस में बैठाने का प्रयास किया। पीड़िता की शिकायत पर पुलिस ने आरोपित मौलवी के विरुद्ध दुष्कर्म समेत बंधक बनाने का मुकदमा दर्ज कर लिया है। दिल्ली की एक कॉलोनी निवासी महिला अपनी पांच बहनों के साथ मुजफ्फरनगर निवासी मौलवी इरशाद के पास आई थी। आरोपी मौलवी ने उसकी बहनों के सामने उसका उपचार करने से इनकार कर दिया। इसके बाद उसे अपना मोबाइल नंबर देकर अकेले में आने के लिए कहकर भेज दिया। पीड़िता बीते मंगलवार को अकेली मुजफ्फरनगर आई। आरोपी मौलवी उसे सहारनपुर बस अड्डे से अपने साथ घर ले गया। आरोप है कि उस पर जिन्न का साया बताते हुए पानी में नशीला पदार्थ मिलाकर पिला दिया और उसके साथ दुष्कर्म किया। विरोध करने पर आरोपी मौलवी ने धमकी दी और उसे जबरन बस में बैठाने का प्रयास किया। पीड़िता ने यूपी-112 पर काल कर पुलिस को सूचना दी। आरोपी अभी गिरफ्त से बाहर है। पुलिस ने कहा उसे जल्द गिरफ्तार किया जाएगा।

सामने आयीं तस्वीरों ने वैज्ञानिकों सहित दुनियाभर के लोगों को चिंता में डाला

वाशिंगटन: भारतीय मूल की अमरीकी एस्ट्रोनॉट सुनीता विलियम्स और उनके साथ विल्मोर बुच को अंतरिक्ष में फंसे हुए कई महीने हो गए हैं। दोनों अंतरिक्ष यात्री हफ्तेभर के लिए जून में इंटरनेशनल स्पेस स्टेशन पहुंचे थे, लेकिन यान में तकनीकी दिक्कत की वजह से अब दोनों अगले साल फरवरी में ही वापस आ पाएंगे। इस बीच, सुनीता विलियम्स की कुछ तस्वीरें सामने आईं, जिसने वैज्ञानिकों समेत दुनियाभर के लोगों को चिंता में डाल दिया। तस्वीरें देखकर लगता है कि सुनीता का वजन काफी कम हो गया है और उनके गाल भी धंस से गए हैं। इसे लेकर अब सुनीता विलियम्स की स्वास्थ्य स्थिति ने कई सवाल खड़े किए हैं। इसके पीछे एक्सपर्ट्स तर्क दे रहे हैं कि यह अंतरिक्ष में होने वाली यात्रियों को आम समस्या है।

हो सकता हो कि जितनी कैलोरी सुनीता विलियम्स रोजाना ले रही हों, उससे ज्यादा बर्न कर रही हों। सुनीता विलियम्स की तस्वीरों पर अब नासा की भी प्रतिक्रिया सामने आ गई है। हाल ही में आई रिपोर्टों के जवाब में, नासा के अंतरिक्ष संचालन मिशन निदेशालय के प्रवक्ता जिमी रसेल ने स्पष्ट किया कि इंटरनेशनल स्पेस स्टेशन पर सवार सभी नासा अंतरिक्ष यात्रियों के नियमित टेस्ट किए जाते हैं। उनकी निगरानी समर्पित सर्जनों द्वारा की जाती है। सभी एस्ट्रोनॉट्स अच्छे स्वास्थ्य में हैं। बता दें कि पांच नवंबर को, चार क्रू-8 अंतरिक्ष यात्रियों, जिन्होंने अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन पर 200 से अधिक दिन बिताए थे, को पृथ्वी पर लौटने के बाद चेकअप के लिए भेजा गया था।

एमेजॉन और फ्लिपकार्ट के वेंडर्स पर ईडी की छापेमारी

नई दिल्ली: एमेजॉन और फ्लिपकार्ट जैसी नामी ई-कॉमर्स कंपनियों से जुड़े कुछ विक्रेताओं पर ईडी ने छापामारी की है। यह छापामारी देश भर में 15 से 16 ठिकानों पर की गई है। विदेशी मुद्रा विनियमन अधिनियम के तहत यह कार्रवाई की गई है। आधिकारिक सूत्रों का कहना है कि एजेंसी ने कॉम्पटिशन अथॉरिटी ऑफ इंडिया (सीसीआई) की जांच के बाद यह एक्शन लिया है।

सीसीआई ने अपने ऐक्शन में पाया था कि दोनों कंपनियों ने स्थानीय प्रतिस्पर्धी नियमों का उल्लंघन किया है और गलत तरीके से सेलर्स को प्लेटफॉर्म का इस्तेमाल करने की परमिशन दी है। प्रतिस्पर्धा आयोग ने अपनी जांच में पाया था कि इन कंपनियों ने ऐसे सेलर्स को छूट देकर नियमों का उल्लंघन किया है। इन सेलर्स ने बड़े पैमाने पर डिस्काउंट दिए और कई नियमों का उल्लंघन किया। इससे दूसरी कंपनियों को नुकसान पहुंचा। वहीं ऐसे कुछ सेलर्स को लेकर जांच की जा रही है, जिन्होंने एमेजॉन और फ्लिपकार्ट का इस्तेमाल किया।

बिहार ई-रिक्शा कुएं में गिरने से दो बच्चों की मौत, मुंडन के लिए जा रहा था परिवार

पटना: छठ महापर्व के दिन बिहार के औरंगाबाद में एक बड़ा सड़क हादसा हो गया, जिसमें दो बच्चों की मौत हो गई। वहीं कुछ लोग गंभीर रूप से घायल हो गए हैं। रिक्शे में सवार सभी लोग अपने गांव में संध्या अर्घ्य देने के बाद बच्चे का मुंडन कराने सूर्य नगरी देव जा रहे थे। जानकारी के अनुसार, रास्ते में अंधेरा होने की वजह से ड्राइवर को साफ नहीं दिखा और फिर गाड़ी कुएं में जा गिरी। प्रशासन की टीम ने बड़ी मशक्कत के बाद ई-रिक्शा को कुएं से बाहर निकाला और घायलों को इलाज के लिए अस्पताल भेज दिया।

जानकारी के अनुसार, हादसा देव के इगुनिया टांड़ में हुआ। वहीं ई-रिक्शा में सवार सभी लोग बरहेता गांव के निवासी है। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, कुएं की गहराई 15 फीट बताई जा रही है, जिसमें पानी भरा था। स्थानीय लोगों ने हादसे की जानकारी पुलिस को दी। उसके बाद मौके पर आपदा प्रबंधन की टीम बुलाई गई। इसके बाद कुएं से घायलों का रेस्क्यू किया गया। मृतकों की पहचान सविता कुमारी और दिलखुश कुमार के रूप में हुई है। वे गेरुआ थाना के पैदापुर गांव के रहने वाले थे। छठ पूजा मनाने वे अपने नानी घर औरंगाबाद के बरहेता गांव आए थे। हादसे में घालय अन्य लोगों का इलाज औरंगाबाद के विभिन्न अस्पतालों में चल रहा है। दो लोगों की स्थिति गंभीर होने की वजह से उन्हे रेफर कर दिया गया। परिजनों ने की मुआवजे की मांग: स्थानीय लोगों के अनुसार, सड़क पर रोशनी की व्यवस्था नहीं है, जिसकी वजह से अंधेरे में कुआं नहीं दिखता है और लोग हादसे का शिकार हो जाते हैं। अगर सड़क पर लाइट होती तो कुआं नजर आता। बता दें, परिजनों ने प्रशासन से मुआवजे की मांग की है।

राहुल गांधी के लेख पर बवाल, सिंधिया ने बताया अज्ञानता का परिचायक

एजेंसी

नई दिल्ली: लोकसभा के नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के एक आर्टिकल पर देश के राजपरिवारों का गुस्सा फूट पड़ा है। राहुल के इस लेख पर बीजेपी ने भी जमकर निशाना साधा। अपने लेख में राहुल ने लिखा था कि ईस्ट इंडिया कंपनी तो खत्म हो गई, लेकिन उसने जो डर पैदा किया था वह आज भी कायम है। केंद्रीय ज्योतिरादित्य सिंधिया ने इस आर्टिकल को राहुल गांधी की अज्ञानता का परिचायक बताया, तो वहीं राजस्थान की उपमुख्यमंत्री दीया कुमारी ने भी राहुल को जमकर खरी-खोटी सुनाई। दीया कुमारी ने एक्स पर लिखा कि राहुल गांधी भारत के पूर्व राजपरिवारों को बदनाम करने का प्रयास कर रहे हैं। एकीकृत भारत, जिसमें आज हम रह रहे हैं वह सपना राजपरिवारों के बलिदान के कारण ही संभव हो सका है।

ऐतिहासिक तथ्यों की आधी अधूरी व्याख्या के आधार पर जो आरोप लगाए जा रहे हैं वह पूरी तरफ से निराधार हैं। यह पूरी तरफ से अस्वीकार्य हैं। सिंधिया ने कहा कि नफरत बेचने वालों को भारतीय गौरव और इतिहास पर व्याख्यान देने का कोई भी अधिकार नहीं है। भारत की समृद्ध विरासत के बारे में उनकी अज्ञानता ने उनकी औपनिविशिक मानसिकता की सभी सीमाओं को पार कर लिया है।

इतिहास के ज्ञान की कमी: मैसूर से भाजपा सांसद यदुवीर वाडियार ने कहा कि राहुल गांधी में इतिहास के ज्ञान की कमी है। उनका लेख भारतीय विरासत के संरक्षण के लिए उस समय की रियासतों द्वारा किए गए योगदान के प्रति उनकी अज्ञानता को दशार्ता है। लेख में उनके शब्दों के चयन की मैं कड़ी निंदा करता हूं।

एनआईए के सम्मेलन में बोले गृह मंत्री अमित शाह

आतंकवाद रोधी राष्ट्रीय योजना और रणनीति लायेगी सरकार

एजेंसी

नई दिल्ली: केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा है कि सरकार देश में आतंकवाद और आतंकवादी तंत्र से लड़ने के लिए एक मजबूत आतंकवाद रोधी इकोसिस्टम खड़ा करने के लिए जल्द ही आतंकवाद रोधी राष्ट्रीय योजना और रणनीति लेकर आएगी। उन्होंने सभी राज्यों से आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई में एकजुट होने तथा पुलिस बलों को अत्याधुनिक प्रौद्योगिकी से लैस करने तथा डाटा के जरिए आतंकवाद का मजबूती से मुकाबला करने का भी आह्वान किया। श्री शाह ने गुरुवार को यहां राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) द्वारा आयोजित दो दिन के आतंकवाद रोधी सम्मेलन का उद्घाटन करते हुए कहा कि टेररिज्म और टेररिज्म सिस्टम से लड? के लिए गृह मंत्रालय ने जो प्रोएक्टिव

अप्रोच बनाया है, उसमें हम एक अगला कदम लेकर आ रहे हैं।

कुछ महीनो में नेशनल काउंटर टेररिज्म पॉलिसी एंड स्ट्रेटजी लेकर हम आएंगे, जिसमें आप सब की भूमिका स्ट्रेटजी का दस्तावेज बनाने की होगी। उन्होंने कहा कि पुलिस राज्यों का विषय है। लड़ना तो राज्यों को ही पड़ेगा, लेकिन केंद्र इसमें उनकी हर तरह से मदद करने के लिए तैयार है। राज्यों में पुलिस द्वारा प्रौद्योगिकी के अधिक से अधिक इस्तेमाल तथा प्रशिक्षण पर बल देते हुए उन्होंने कहा कि जब तक हम हमारी पूरी फोर्स को तकनीक के उपयोग से प्रशिक्षित नहीं करेंगे, आतंकवाद के खिलाफ हम नहीं लड़ सकते। हमें टेक्नोलॉजी से हमारे युवा अफसर को लैस करना पड़ेगा। प्रौद्योगिकी को उनका का एक अहम हिस्सा बनाना होगा।

भारतीय रेल ने बनाया नया रिकॉर्ड, एक दिन में 3 करोड़ यात्रियों ने किया ट्रेन से सफर

एजेंसी

नई दिल्ली: भारत में रोजाना लाखों यात्री ट्रेन से सफर करते हैं। लाखों की यह संख्या कई बार एक करोड़ का आंकड़ा भी पार कर गई है। इसी कड़ी में भारतीय रेलवे ने एक नया रिकॉर्ड बनाया है। रेल मंत्रालय द्वारा एक हालिया बयान के अनुसार, 4 नवंबर 2024 को ट्रेन से 3 करोड़ से अधिक यात्रियों ने सफर किया। यात्रियों की यह संख्या भारतीय रेल के लिए एक नए रिकॉर्ड बनाने को लेकर अहम है। मंत्रालय ने इसे देश के परिवहन इतिहास में एक ऐतिहासिक उपलब्धि बताया है।

जानकारी के अनुसार, 4 नवंबर को, भारतीय रेल से 120.72 लाख नॉन-सबअर्बन यात्रियों ने यात्रा की, जिसमें 19.43 लाख आरक्षित यात्री और 101.29 लाख अनारक्षित यात्री शामिल थे। इसके अलावा, रेल मंत्रालय ने रिकॉर्ड 180 लाख सबअर्बन यात्रियों को सफर कराया। सभी यात्रियों की संख्या जोड़ने के बाद देश की रेल

प्रणाली के लिए एक नया मानदंड स्थापित हो गया है।

बयान में यह भी कहा गया कि भारतीय रेल ने यह उपलब्धि साल के सबसे व्यस्त महीने के दौरान हासिल की है, जो भारतीय रेल की परिचालन कुशलता को दशार्ता है। साल के इस व्यस्त समय में दुर्गा पूजा, दीपावली और छठ पूजा के अवसर पर लाखों-करोड़ों लोग एक राज्य से दूसरे राज्य की यात्रा करते हैं। एक राज्य से दूसरे राज्य की इस यात्रा के लिए अधिकतर लोग ट्रेन का सफर ही चुनते हैं। यही वजह है कि त्योहारी सीजन में ट्रेन में लोगों की भीड़ देखी जाती है।यात्रियों की इस भीड़ को संभालने और व्यवस्थित करने के लिए भारतीय रेल की ओर से अतिरिक्त स्पेशल ट्रेन की भी व्यवस्था की जाती है।

पटना में कबाड़ की दुकान में लगी आग, कोई हताहत नहीं

पटना: शास्त्री नगर थाने के प्रभारी अमर कुमार ने पीटीआई को बताया, शाम करीब 7:15 बजे कबाड़ की एक दुकान में आग लग गई। स्थानीय थाने और अग्निशमन विभाग के अधिकारी तुरंत मौके पर पहुंचे। रात 8:45 बजे तक आग पर काबू पा लिया गया। उन्होंने बताया कि आग लगने का कारण पता लगाने के प्रयास जारी हैं।

जयशंकर की पीसी से बौखलाया कनाडा ट्रूडो सरकार ने बैन किया ऑस्ट्रेलियन चैनल

प्रेस कान्फ्रेंस के बाद ट्रूडो सरकार ने बैन किया ऑस्ट्रेलियन चैनल, विदेश मंत्रायल ने उठाए सवाल

एजेंसी

नई दिल्ली : पिछले दिनों विदेश मंत्री एस जयशंकर ऑस्ट्रेलिया के दौरे पर थे। इस दौरान उन्होंने राजधानी कैनबरा में ऑस्ट्रेलियाई विदेश मंत्री पेनी वोंग के साथ एक प्रेस कान्फ्रेंस को संबोधित किया था, जिसका प्रसारण ऑस्ट्रेलियाई मीडिया आउटलेट ऑस्ट्रेलिया टुडे पर किया गया। यह बात कनाडा को चुभ गई और कनाडा की जस्टिन ट्रूडो सरकार ने इस कदम से नाराज होकर ऑस्ट्रेलिया टुडे के सोशल

मीडिया हैंडल और पेजों पर प्रतिबंध लगा दिया है। जयशंकर की प्रेस कान्फ्रेंस को टेलीकास्ट करने के कुछ घंटे बाद ही कनाडाई सरकार ने ऑस्ट्रेलिया टुडे आउटलेट को बैन कर दिया है।

इस दौरान जयशंकर ने भारत-कनाडा कूटनीतिक गतिरोध पर टिप्पणी की थी। ये प्रेस कान्फ्रेंस ऑस्ट्रेलिया टुडे ने अपने यूट्यूब चैनल पर टेलीकास्ट की थी। वहीं, भारत ने इस मामले पर कड़ी प्रतिक्रिया जाहिर करते हुए कहा कि वह कनाडा द्वारा आउटलेट पर प्रतिबंध लगाने के कदम से हैरान है और इस बात पर जोर दिया कि यह अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता के प्रति कनाडा के पाखंड को उजागर करता है। ऑस्ट्रेलिया टुडे ने कैनबरा (ऑस्ट्रेलिया) में जयशंकर और ऑस्ट्रेलियाई विदेशमंत्री पेनी वोंग की संयुक्त प्रेस कान्फ्रेंस को प्रसारित किया था।

बांग्लादेश में हिंदुओं को सुरक्षा दे अंतरिम सरकार: भारत ने बांग्लादेश के चटगांव में हिंदू अल्पसंख्यकों पर हमले और लूटपाट की ङ्कषनदा करते हुए वहां की अंतरिम सरकार से दोषियों के खिलाफ कार्रवाई करने एवं हिंदुओं की सुरक्षा सुनिश्चित करने की अपील की है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने यहां नियमित ब्रीङ्कषफग में बांग्लादेश की घटनाओं के बारे में पूछे जाने पर कहा कि चटगांव में सोशल मीडिया पर हिंन्दू समुदाय को निशाना बना कर भडकाऊ टिप्पणियां किये जाने के बाद वहां बहुत झगड़ा हुआ। हिंदू समुदाय के लोगों के घरों पर हमला किया गया और लूटपाट की गई, जिसके पीछे उग्रवादी तत्त्वों का हाथ है। यह अत्यंत ङ्कषनदनीय है।

ट्रंप प्रशासन के साथ कोई गतिरोध नहीं आएगा: भारत ने भरोसा जताया कि अमरीका में निर्वाचित राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के प्रशासन के साथ व्यापार सीमा शुल्क एवं उत्प्रवासन जैसे मुद्दों पर कोई गतिरोध नहीं आएगा और परस्पर बातचीत से संतोषजनक समाधान निकल आएगा। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने ट्रंप के शासन काल में भारत-अमरीका संबंधों में प्रगति और एच-1बी वीजा के बारे में पूछे जाने पर कहा कि भारत और अमरीका के बीच आर्थिक संबंध काफी व्यापक हैं। पिछले साल 2023 में भारत और अमेरिका के बीच करीब 190 अरब डॉलर का व्यापार हुआ, जिसमें सामान और सेवाएं शामिल थीं। अमरीका भारत का दूसरा सबसे बड़ा व्यापारिक साझीदार है।

पोड़ाहाट स्टेडियम में निर्दलीय प्रत्याशी डॉ विजय गागराई की जनसभा में उमड़ी भीड़

मेट्रो रेज संवाददाता

चक्रधरपुर। निर्दलीय प्रत्याशी विजय गागराई ने चुनावी सभा में भीड़ जुटाकर अपनी उपस्थिति का एहसास कराया, चक्रधरपुर विधानसभा क्षेत्र 56 से निर्दलीय प्रत्याशी डॉ0 विजय गागराई स्थानीय पोड़ाहाट स्टेडियम में आयोजित विशाल सभा में उपस्थित भीड़ काफी ऐतिहासिक रही और डॉ0 विजय गागराई की चुनाव में मजबूती का भी एहसास कराया, स्थानीय पोड़ाहाट स्टेडियम में आयोजित विशाल जनसभा में उमड़ी भीड़ यह बताने के लिए काफी रही कि श्री गागराई भी इस विधानसभा चुनाव में अपनी स्थिति काफी बेहतर कर रखी है, ग्रामीण और सुदूर क्षेत्र से काफी संख्या में लोगों की उपस्थिति रही, यही नहीं इस जनसभा की भीड़ में श्री गागराई की मजबूती का भी एहीसास कराया है। विशाल

जनसमूह की उपस्थिति यह बताने के लिए काफी है कि निर्दलीय प्रत्याशी होने के पश्चात भी उनके पक्ष में लोगों का जमावड़ा प्रत्याशी की उपस्थिति दर्ज करने के लिए काफी ऐतिहासिक है, इस सभा में मुख्य रूप से पूर्व विधायक बहादुर उरांव झारखंड मुक्ति मोर्चा के दिग्गज नेता सुखदेव हेम्ब्रम विजय मेलगांडी के अलावे अन्य वरीय नेता भी उपस्थित थे, निर्दलीय प्रत्याशी विजय गागराई के जनसभा में उपस्थित विशाल जनसमूह ने यह संदेश भी दिया है कि विगत कई वर्षों से श्री गागराई के द्वारा ग्रामीण और सुदूर क्षेत्र के लोगों की समस्याओं और उनके बीच रहने के कारण वह इस सभा में अपना जन समर्थन देने पहुंचे हैं, इस जनसभा से जहां श्री गागराई की स्थिति को काफी मजबूत माना जा रहा है वहीं निर्दलीय प्रत्याशी रहने के पश्चात भी श्री गागराई ने विशाल जन समूह को इकट्ठा कर लिया और यह संदेश दिया है कि जनता और लोगों के कहने पर यह चुनावी मैदान में है और लोगों का व्यापक जनसमर्थन भी उन्हें मिल रहा है, इस विशाल जनसभा में कई लोगों ने डॉ0 विजय गागराई को समर्थन देने के लिए उनके साथ भी आए और उनकी स्थिति को और भी मजबूत किया।

न्यूज ब्रीफ

किसी प्रकार की कोई आपत्तिजनक सामग्री बरामद होने की सूचना नहीं मिली

साहिबगंज/बरहरवा : फ्लाइंग दासता टीम के मनरेगा एसडीओ अरविंद मुर्मू ने दलबल के साथ बुधवार को बरहरवा थाना क्षेत्र के विभिन्न चेतनाका पर वाहन चेकिंग अभियान चलाया।इस दौरान उन्होंने चेक नाका पर तैनात डंडा अधिकारियों को नियमित रूप से वाहन चेकिंग करने को लेकर आवश्यक दिशा निर्देश दिए इस दौरान उनके साथ एस एस टी के दंडाधिकारी सनथ टुडू एवं अब्दुल्लाह शेख के अलावे बरहरवा थाना के अवर निरीक्षक एवं जैप के जवान भी उपस्थित थे।जांच के दौरान किसी प्रकार की कोई आपत्तिजनक सामग्री बरामद होने की सूचना नहीं मिली है। मालूम हो कि विधानसभा चुनाव को लेकर फ्लाइंग दस्त की टीम लगातार बंगाल सीमा से लगते बैरिकेडिंग पर नियमित रूप से वाहन चेकिंग चला रही है। मंगलवार एवं बुधवार को की गई चेकिंग उसी का एक हिस्सा है।

फ्लैग मार्च निकालकर लोगों को शांतिपूर्ण तरीके से चुनाव करने की अपील

साहिबगंज/उधवा : विधानसभा चुनाव को शांतिपूर्ण एवं निष्पक्ष माहौल में संपन्न कराने को लेकर पुलिस प्रशासन द्वारा फ्लैग मार्च निकालकर लोगों को शांतिपूर्ण तरीके से चुनाव करने की अपील की जा रही है।जानकारी के मुताबिक बुधवार को राधानगर थाना पुलिस ने थाना क्षेत्र के विभिन्न जगहों में फ्लैग मार्च निकाला।फ्लैग मार्च थाना मुख्यालय से निकलकर चौकीढांब, मेहंदी, रामपुर, लाख्खनपुर, श्यामपुर, आतापुर आदि जगहों से होते हुए राधानगर मुख्यालय के पास पहुंचकर संपन्न हुई।फ्लैग मार्च का नेतृत्व एसआई हसनैन अंसारी कर रहे थे।फ्लैग मार्च में भारी संख्या मे पुलिस के जवान शामिल थे।

जेएलकेएम के केंद्रीय संगठन महासचिव राकेश व जिला सचिव सुखदेव आजसू पार्टी में शामिल

सरायकेला : झारखंड लोकतांत्रित क्रांतिकारी मोर्चा के केंद्रीय संगठन महासचिव राकेश रंजन महतो और जिला सचिव सुखदेव महतो अपने समर्थकों के साथ पार्टी से इस्तीफा देकर शुक्रवार को आजसू पार्टी का दामन थामा. आजसू पार्टी के केंद्रीय महासचिव सह ईचागढ़ विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र से एनडीए प्रत्याशी हरेलाल महतो ने सभी को पार्टी में योगदान कराया और सदस्यता दिलाई. राकेश रंजन महतो अखिल झारखंड विस्थापित अधिकार मंच के अध्यक्ष भी हैं.

राकेश रंजन महतो ने कहा कि जेएलकेएम के केंद्रीय अध्यक्ष जयराम महतो से प्रभावित होकर वे पार्टी में शामिल हुए थे. झारखंड में झारखंडियों को उनका हक और अधिकार दिलाने में जयराम महतो ने जो आंदोलन प्रारंभ किया वह युवाओं में ऊर्जा भरने का काम किया है. लेकिन चुनाव में टिकट बंटवारे में उन्होंने पारदर्शिता नहीं बरती. उन्होंने टिकट बांटते के दौरान स्थानीयता को प्राथमिकता नहीं दिया. ईचागढ़ विधानसभा क्षेत्र के सर्वांगीण विकास के लिए आजसू पार्टी के पास स्पष्ट नीति है. एनडीए गठबंधन ने पहली बार ईचागढ़ सीट पर ईचागढ़ के नेता को टिकट देने का काम किया है. एनडीए के इस विश्वास का प्रतिफल देना जनता का काम है.

सांसद जोबा माझी ने महुलडीहा नदी जाकर उदयीमान सूर्य को दिया अर्घ्य

चाईबासा : लोक आस्था का महापर्व छठ शुक्रवार को उगते सूर्य को अर्घ्य देने के साथ ही संपन्न हो गया। इस अवसर सिंहभूम की सांसद जोबा माझी भी सोनुवा के महुलडीहा नदी घाट पहुंचीं। सांसद ने श्रद्धालुओं के साथ भगवान भास्कर को अर्घ्य दिया और क्षेत्र के सुख-समृद्धि की कामना की। सांसद को अपने साथ अर्घ्य देते देख श्रद्धालु काफी खुशी हुए। वहीं सांसद ने भी स्थानीय लोगों के साथ मुलाकात कर उनका हालचाल जाना और सभी को छठ महापर्व की शुभकामनाएं दी। बता दें कि महुलडीहा नदी घाट में सूर्य देवता को अर्घ्य देने के लिए छठव्रतियों के साथ बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचे थे।

सिदगोड़ा सूर्य मंदिर समिति के छठ महोत्सव में भक्तिमय संगीत संध्या आयोजित

जमशेदपुरः सिदगोड़ा सूर्य मंदिर समिति की ओर से गुरुवार की देर लोक आस्था के पर्व छठ के मौके पर भक्तिमय संगीत संध्या का आयोजन किया गया। जिसमे मुख्य अतिथि के रूप में ओडिशा के राज्यपाल रघुवर दास शामिल हुए।

कार्यक्रम में लोक गायिका अन्नू दुबे एवं गायिका श्यामा शैलजा झा ने छठ लोकगीत एवं भक्ति गीत प्रस्तुत किया। अन्नू दुबे के ह्यसवा लाख के साड़ी भीजे एवं ह्यचमकत रहे सिन्होरवा ए छठी मैयाह्व समेत अलग-अलग गीतों की स्वर लहरियों का उपस्थित लोगों ने जमकर आनंद उठाया। वहीं, मशहूर गायिका श्यामा शैलजा झा ने ह्यसत्यम शिवम सुंदरम, राम आएंगे तो अंगना सजायेंगे एवं ह्यचला भौजी हाली हाली सूरज दिखाइए लालीह्व जैसे लोकप्रिय छठ गीतों से समां बांध दिया। कार्यक्रम में बच्चों से लेकर बुजुर्ग तक उत्साहित होकर कार्यक्रम के अंतिम कड़ी तक मंच के समीप डटे रहे।

कार्यक्रम प्रारंभ होने से पहले ओडिशा के राज्यपाल रघुवर दास ने लोकगायिका शारदा सिन्हा को सादर नमन करते हुए उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। कहा कि यह भावुक क्षण है क्योंकि 10 नवंबर 2002 शारदा सिन्हा जी इसी पवित्र प्रांगण में हमारे साथ उपस्थित थीं और अपनी सुमधुर आवाज से इस महोत्सव को विशेष बनाया था। कहा कि पूरे देश में आस्था एवं विश्वास के प्रतीक पर्व छठ पूजा पूरे श्रद्धाभाव से मनाया जाता है। उन्होंने देशवासियों एवं झारखंडवासियों को महापर्व छठ की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि भगवान भास्कर से आराधना करता हूं कि सभी की मनोकामनाएं पूर्ण हो।

श्री दास ने कहा कि सूर्य मंदिर समिति की ओर से सूर्य उपासना की यह परंपरा वर्ष 2001 से लगातार चली आ रही है। यह मंदिर किसी एक व्यक्ति का नहीं, बल्कि यहां की देवतुल्य जनता के सहयोग के बदौलत श्रद्धा और आस्था का प्रतीक के रूप में स्थापित हुआ है। उन्होंने भगवान भास्कर से प्रार्थना की कि वे सभी व्रतधारियों की मनोकामनाएं पूर्ण करें जिससे समाज में समृद्धि व खुशहाली आए। कहा कि हमारा देश ब्रिटेन को पछाड़कर पांचवी अर्थव्यवस्था बना है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कुशल नेतृत्व में वर्ष 2028 तक भारत दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था अवश्य बनेगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में हम स्वतंत्रता सेनानियों के सपनों का भारत बनाने की ओर तेजी से बढ़ रहे हैं।

वहीं, सूर्य मंदिर समिति के संरक्षक चंद्रगुप्त सिंह ने कहा कि सूर्य मंदिर समिति धार्मिक एवं सामाजिक कार्यों में यूं ही संलग्न होकर अपने दायित्वों का सदैव निर्वहन करती रहेगी। उन्होंने कहा कि सूर्य मंदिर समिति का उद्देश्य पूजा-अर्चना, संस्कृति के संरक्षण एवं संवर्धन के लिए भक्तिभाव से कार्य करना है। इससे पहले, सूर्य मंदिर समिति की ओर से सभी कलाकारों का स्वागत एवं अभिनंदन किया गया। इस दौरान मंच संचालन समिति के वरीय सदस्य गुंजन यादव ने किया।

कार्यक्रम के दौरान भूपेंद्र सिंह, चंद्रशेखर मिश्रा, अनिल ठाकुर, बिपिन झा, अखिलेश चौधरी, रामबाबू तिवारी, दिनेश कुमार, अमरजीत सिंह राजा, शैलेश गुप्ता, प्रेम झा, बंटी अग्रवाल, कंचन दत्ता, कृष्णमोहन सिंह, शशिकांत सिंह,, कुलवंत सिंह बंटी, राकेश सिंह, पवन अग्रवाल, कमलेश सिंह, बोलटू सरकार, धर्मेंद्र प्रसाद, रॉकी सिंह, राजेश सिंह, सतवीर सिंह सोमू, कुमार अभिषेक, गौतम प्रसाद, अभिमन्यु सिंह, रविशंकर तिवारी, निर्मल गोप, राम मिश्रा, ओम पोद्दार, निकेत सिंह, उमेश गिरी, अमिश अग्रवाल, रंजीत सिंह, ऋषव सिंह, राकेश राव, चंचल भाटिया, छक्कन चौधरी, महेंद्र राष्ट्रवादी, सन्नी चौहान, अनिकेत रॉय, मोहम्मद नौशाद, समेत काफी संख्या में अन्य सदस्यगण मौजूद रहे।

राजद ने चलाया जनसम्पर्क बड़े बुजुर्गों का मिल रहा भरपूर आशीर्वाद : प्रदीप यादव

मेट्रो रेज संवाददाता

कोडरमा। कोडरमा जिले में 13 नवंबर को मतदान है। जिसे लेकर सभी पार्टियां जनता के बीच जनसंपर्क अभियान चला रहे है। राजद प्रत्याशी सुभाष प्रसाद यादव को प्रचण्ड जीत दिलाने के लिए डोमचांच नगर में राजद नेताओं एवं समर्थकों ने डोर टू डोर अभियान चलाकर मतदाताओं के घर- घर जाकर उनसे मुलाकात कर हमारे राजद प्रत्याशी सुभाष यादव के समर्थन में मतदान करने की अपील की जनसंपर्क के दौरान राजद युवा प्रदेश महासचिव प्रदीप यादव ने कहा क्षेत्र के बड़े बुजुर्गों का भरपूर आशीर्वाद और स्नेह प्राप्त हो रहा है कोडरमा विधानसभा में राजद की प्रचण्ड जीत सुनिश्चित है। हेमंत सरकार ने मंईया सम्मान

योजना, कृषि ऋण माफी, बिजली बिल भी माफ कर जनता के दिलों में बस गए हैं। आप सभी मतदाताओं से आग्रह है कि 13 नवंबर को ईवीएम में क्रमांक नंबर- 3 पर लालटेन के निशान वाला बटन दबाएं और गरीबों के मसीहा सुभाष यादव को भारी मतों से जीत दिलाएं। जनसंपर्क अभियान में शामिल मखदुमपुर विधायक सतीश दास, राजद युवा प्रदेश महासचिव प्रदीप यादव, मनोज रजक, संजय दास, शांति प्रिया, इकबाल अंसारी इत्यादि के साथ सैकड़ो कार्यकर्ता मौजूद थे।

डॉ नीरा यादव के पक्ष में लोगों का दिख रहा उत्साह

नीरा यादव द्वारा कराए गए विकास कार्यों की लोग कर रहे सराहना

मेट्रो रेज संवाददाता

कोडरमा। डॉ नीरा यादव ने मिटको कॉलोनी, भंडरवा, झलपो में किया जन संपर्क। उन्होंने अपने पक्ष में एवं भाजपा के पक्ष में ईवीएम मशीन के एक नंबर बटन कमल फूल छाप पर बटन दबाकर जिताने का लोगों से आग्रह किया। जन संपर्क अभियान में नीरा यादव ने भाजपा के संकल्प पत्र को सुनाया आगे के समय काल में कराए जाने वाले वादे को बताया।

जन संपर्क अभियान में लोगों में उत्साह देखा गया और अन्य समुदाय के लोगों में भी नीरा यादव के पक्ष में मतदान करने का निर्णय लिया। लोगों ने नीरा यादव को माला पहना कर स्वागत किया और उन्हें वोट देने को लेकर आश्वस्त किया। नीरा यादव ने अपने किए कार्यों को गिनाया बताया और आगे सेवा का अवसर मिलने पर बचे शेष कार्य को करने का वादा किया। लोगों में उनके द्वारा किए गए कार्यों की सराहना करते देखा गया और उपस्थित सैकड़ों लोगों ने निरा यादव जिंदाबाद के जयकारे लगाए।

उदीयमान भास्कर को अर्घ्य अर्पण करने के साथ छठ पर्व संपन्न

सरायकेला: नहाय खाय से मंगलवार को शुरू हुआ सूर्योपासना का महापर्व छठ शुक्रवार को उदीयमान भगवान भास्कर को अर्घ्य अर्पण करने के साथ संपन्न हो गया. इस अवसर पर चांडिल अनुमंडल क्षेत्र स्थित विभिन्न नदी और जलाशयों में बनाए गए घाटों में बड़ी संख्या में छठ व्रती पहुंचे और भगवान सूर्यदेव की आराधना की. व्रतियों के साथ घाटों में बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचे और भगवान भास्कर को अर्घ्य दिया.

इसके पहले गुरुवार की शाम को व्रतियों ने अस्तचलागामी सूर्य को अर्घ्य अर्पण किया था. इस दौरान व्रतियों ने अपने परिवार के सुख-समृद्धि, धन-धान्य और आरोग्य की कामना की. अर्घ्य अपर्ण करने के बाद व्रतियों ने पारण कर 36 घंटे का निर्जला उपवास तोड़ा.छठ पर्व के अवसर पर जयदा, बामनी जुड़िया, शहरबेड़ा, कांदरबेड़ा, खूंटी जुड़िया, करकरी नदी के ईचागढ़ घाट, रघुनाथपुर, तिरुलडीह, टीकर समेत अन्य घाटों में व्रतियों के सुविधानुसार साफ-सफाई, रोशनी, कपड़े बदलने के लिए घेरा, अस्थायी शौचालय आदि की व्यवस्था की गई थी. विभिन्न समितियों ने घाटों की साफ-सफाई कराने के अलावा छठव्रतियों के लिए संध्या और सुबह के अर्घ्य के समय जरूरत के सामग्रियों का भी वितरण किया गया.

जयराम महतो को फिर लगा बड़ा झटका

जेएलकेएम प्रत्याशी ने थामा झामुमो का दामन

गढ़वा: जयराम महतो को गढ़वा में बड़ा झटका लगा है। उनकी पार्टी जेएलकेएम से चुनाव लड़ रहे विधायक प्रत्याशी रमकंडा निवासी सोनू यादव ने झामुमो का दामन थाम लिया है। मंत्री मिथलेश कुमार ठाकुर ने झामुमो प्रत्याशी को माला पहनाकर पार्टी में शामिल कराया।

गौरतलब है कि गढ़वा जिला परिषद उपाध्यक्ष सत्यनारायण यादव के पुत्र सोनू यादव चुनाव से पहले राजद से जुड़े थे। लेकिन गढ़वा में चुनाव लड़ने की जिद के कारण उन्होंने जेएलकेएम से टिकट लेकर बतौर प्रत्याशी चुनावी मैदान में कूद पड़े। लेकिन अब मतदान से एक सप्ताह पहले वे झामुमो में शामिल हो गए हैं।

इसके अलावा राष्ट्रीय समानता दल के पूर्व लोकसभा प्रत्याशी ब्रजेश कुमार तुरी भी झारखंड मुक्ति मोर्चा में शामिल हुए। गढ़वा विधायक सह झामुमो प्रत्याशी मिथलेश कुमार ठाकुर की नीतियों और सिद्धांतों से प्रभावित होकर वे झामुमो में शामिल हुए हैं। उन्होंने कहा कि गढ़वा के विकास की चर्चा पूरे झारखंड में हो रही है। विकास पुरुष के साथ मिलकर गढ़वा को आगे बढ़ाया जाएगा। ब्रजेश कुमार तुरी ने कहा कि इन पांच सालों में जितना विकास हुआ है, उतना किसी के बस की बात नहीं है।

पिता झामुमो छोड़ सपा में हुए शामिल तो बेटा भी झामुमो में शामिल

मालूम हो कि विधानसभा चुनाव से कुछ महीने पहले तक झारखंड मुक्ति मोर्चा में रहे जिला परिषद उपाध्यक्ष सत्यनारायण यादव ने झामुमो से दूरी बना ली थी। सपा प्रत्याशी गिरिनाथ सिंह की परिवर्तन यात्रा में शामिल होकर उन्होंने वोटों का ध्रुवीकरण शुरू कर दिया था।

ऐसे में झामुमो ने उनसे स्पष्टीकरण भी मांगा था। अभी तक वे सपा प्रत्याशी के साथ चुनाव प्रचार में जुटे हुए हैं। लेकिन इस बीच उनके बेटे के झामुमो में शामिल होने से गढ़वा की राजनीति और गरमा गई है।

उगते सूर्य को अर्घ्य देने चक्रधरपुर के छठ घाटों पर उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़

चाईबासा : लोक आस्था का महापर्व छठ उदीयमान सूर्य को अर्घ्य देने के साथ ही शुक्रवार को संपन्न हो गया.गुरुवार को अस्ताचलगामी व शुक्रवार को उदीयमान सूर्य को अर्घ्य दिया गया. छठ महापर्व पर अर्घ्य देने के लिए चक्रधरपुर के सभी प्रमुख छठ घाटों पर व्रतियों व श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ी. सबसे ज्यादा भीड़ चक्रधरपुर के पुरानी बस्ती सीढ़ी छठ नदी घाट पर उमड़ी.

नदी के आसपास आकर्षक साज-सज्जा व बिजली लाईटों की सजावट की गई थी. इसके अलावा थाना नदी घाट, राजाबाड़ी घाट, बालूघाट, बोड़दा, आसनतलिया स्थित इंदकाटा नदी में छठ व्रतियों के साथ श्रद्धालुओं ने अर्घ्य दिया. शहर के विभिन्न मोहल्ले से हर कदम छठ घाटों की ओर बढ़ चले थे. कांच के बांस के बहंगियाङ्क.। उगे हो सुरज देवङ्क.। केलवा के पात पर उगेला सुरज देवङ्क। इत्यादि छठ गीतों के साथ व्रती सिर पर दउरा व सूप लिये श्रद्धालु नदी घाट पहुंचे. पूरा शहर भक्ति में सराबोर रहा. चक्रधरपुर की थाना नदी मुक्तिनाथ महादेव छठ घाट में श्रद्धालुओं के बीच दूध वितरण करते सामाजिक संगठन के लोग. छठव्रतियों की आस्था और श्रद्धा की भीड़ से नदी घाटों पर जगह कम पड़ गयी थी. छठ महापर्व के अवसर पर विभिन्न सामाजिक संगठनों द्वारा श्रद्धालुओं के बीच दूध, दातुन इत्यादि भी बांटे गए. वहीं छठ पूजा के अवसर पर गली मोहल्लों को आकर्षक तरीके से सजाया गया था. विधि व्यवस्था को लेकर सभी छठ नदी घाटों पर दंडाधिकारी के साथ पुलिस बल की तैनाती की गई थी.

मांडर में छठ पूजा संपन्न

मांडर। मांडर के सोसई स्थित ब्यारखो नदी में छठ पूजा के अवसर पर संध्या और प्रातः अर्घ्य का आयोजन बड़ी धूमधाम से किया गया। इस पवित्र अवसर पर क्षेत्र के लोगों ने बड़ी संख्या में भाग लिया, जिसमें श्रद्धालुओं ने उगते और डूबते सूर्य को अर्घ्य अर्पित किया।

विशेष रूप से, इस आयोजन में भाजपा विधायक प्रत्याशी सनी टोप्पो ने भी भाग लिया और पूजा के दौरान पहला अर्घ्य दिया। उनकी उपस्थिति ने क्षेत्रीय लोगों के बीच उत्साह को और बढ़ा दिया। इस अवसर पर कई स्थानीय नेता और गणमान्य लोग भी उपस्थित रहे, जिन्होंने छठ पूजा के महत्व और सांस्कृतिक धरोहर को बनाए रखने की आवश्यकता पर जोर दिया।

शशि भूषण सामड के लिए भाजपा बेहतर रणनीति बनाकर स्थिति को मजबूत करने में जुटी

मेट्रो रेज संवाददाता

चक्रधरपुरः दुनिया की सबसे बड़ी पार्टी भारतीय जनता पार्टी चक्रधरपुर विधानसभा 56 से अपनी स्थिति सुदृढ़ और मजबुत करने के लिए व्यापक रणनीति में जुट गयी है। एक ओर जहां 4 नवम्बर को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के विशाल जनसभा के पश्चात से भाजपा की स्थिति काफी मजबुत बतायी जा रही है वहीं चक्रधरपुर विधानसभा क्षेत्र से पूर्व विधायक शशिभूषण सामड के जीत को लेकर भाजपा रणनीति बनाने के साथ-साथ अपने प्रत्याशी के जीत के लिए कारगर पहल और व्यापक जनसमर्थन में जुट गयी है। वरीय नेताओं की साझेदारी, भागेदारी के साथ-साथ भाजपा प्रत्याशी शशिभूषण सामड जो विगत कई वर्षों से निरंतर जनता के बीच सहज रूप से उपलब्ध रहकर उनकी समस्या और पीड़ा को जानने सुनने के साथ ही उसके लिए सार्थक पहल किया और इसी का यह

परिणाम है कि श्री सामड की स्थिति बेहतर आंकी जा रही है। पुराने कार्यकर्ता संगठन से जुड़े लोग पार्टी के पदधारी एवं सभी जन पार्टी प्रत्याशी के लिए एकजुट हैं और आगामी 13 नवम्बर को झारखण्ड के प्रथम चरण में होने वाले चुनाव को लेकर काफी उत्साहित हैं। इसकी वजह भी यह है कि सभी लोग पुरे लगन और तन्मयता के साथ पार्टी प्रत्याशी के पक्ष में जमकर प्रचार प्रसार कर रहे हैं। भाजपा प्रत्याशी शशिभूषण सामड बताते हैं कि वे निरंतर सदैव जनता के बीच रहे हैं और उन्होंने हमेशा जनता के बातों को सुना है। समस्याओं का समाधान किया और इसी के फलस्वरूप ग्रामीण क्षेत्रों में भी उन्हें व्यापक जनसमर्थन मिल रहा है। जनता का विश्वास प्रेम और स्नेह और उनका अपनापन उन्हें उर्ज प्रदान कर रहा है। इस प्रकार से कहा जा सकता है कि भाजपा विधानसभा चुनाव 2024 में अपनी दमदार स्थिति उपस्थित कराने के लिए व्यापक रणनीति बना चुकी है और जनसमर्थन मिलने से भाजपा अपनी स्थिति को मजबुत पा रही है ऐसा राजनीतिक प्रेक्षकों का मानना है। सालुजा काम्पलेक्स में भाजपा कार्यालय में मुख्य रूप से भाजपा के वरीय नेता एवं अल्पसंख्यक आयोग के पूर्व उपाध्यक्ष अशोक षाड़ंगी, पवन शंकर पाण्डे, डॉ0 शिवपूजन सिंह, रूपेश साव, राजु प्रसाद कसेरा, परविन्दर चैहान सहित अन्य लोग उपस्थित होकर पार्टी प्रत्याशी के साथ बैठक कर रणनीति बनाते दिखें।